सुविचार
कार्य उसी का सिद्ध होता है जो समय को विचार कर कार्य करता है। वह खिलाड़ी कभी नहीं हारता जो दांव पर विचार कर खेलता है।
वृंद

Daily
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi



जापान जाने का वर्षों पुराना सपना हुआ...

Ranchi ● Thursday, 07 March 2024 ● Year : 02 ● Issue : 50 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 74,085.99 |
| निफ्टी | : | 22,474.05 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,130 |
| चांदी | : | 74.50 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## लोकपाल के आदेश को चुनौती दे सकते शिबू सोरेन

**RANCHI :** झारखंड में सत्ताधारी दल जेएमएम के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन लोकपाल के उस आदेश को चुनौती दे सकते हैं, जिसमें लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई को जांच का आदेश दिया है। लोकपाल का आदेश आने के बाद कानूनी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है और जल्द ही इस आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल की जा सकती है। दरअसल सोमवार को लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया था। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले की प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया है।

## छऊ कलाकार को राष्ट्रपति से मिला अवार्ड

**RANCHI :** बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के खेड़ाबेड़ा गांव निवासी छऊ कलाकार परीक्षित महतो को बुधवार को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुरस्कार प्रदान किया। परीक्षित महतो ने पुरस्कार मिलने पर खुशी जतायी। श्री महतो ने दूरभाष से कहा कि 46 साल की साधना सफल हुई। भारतीय संस्कृति की लोक कला छऊ को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ताकि हमारी कला संस्कृति जीवित रहे। कहा कि चंदनकियारी की जनता और हमारे टीम की सहयोग से मुझे राष्ट्रपति पुरस्कार मिला है। यह चंदनकियारी समेत झारखंड राज्य के लिए गौरवशाली समय है। वहीं बोकारो जिले के लोगों मे खुशी है। चंदनकियारी समेत उनके परिजनों में खुशी के साथ-साथ आत्मविश्वास चरम पर है।

## संसेक्स पहली बार 74,000 के पार, निफ्टी का भी रिकार्ड

**NEW DELHI :** भारतीय शेयर बाजार की सुबह सुस्त शुरूआत हुई। लगभग सभी सेक्टर दबाव में कारोबार कर रहे थे। हालांकि, दोपहर दो बजे के बाद बाजार रिकवरी के मूड में आ गया। फिर तूफानी तेजी के बीच सेंसेक्स पहली बार 74,000 के सर्वकालिक स्तर के पार निकल गया। वहीं, बैंक निफ्टी भी पहली बार 48,000 हजार के ऊपर निकल गया। बाजार बंद होने तक सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत यानी 408.86 अंकों की तेजी के साथ 74,085.99 पर था। वहीं, निफ्टी 0.57 प्रतिशत यानी 126.55 अंक चढ़कर 22,482.85 पर बंद हुआ। हालांकि, रिजर्व बैंक के सख्ती से जेएम फाइनेंशियल और सीआईटीआई के डाउनग्रेड करने के कारण महानगर गैस लिमिटेड के शेयर में बड़ी गिरावट देखने को मिली।

# महिला समूह, कृषकों पर सरकार मेहरबान

## कृषि उपकरणों की खरीद में 80% तक अनुदान

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 41 प्रस्ताव पारित किये गये। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया की प्राथमिक राशि 4120 करोड़ में वर्तमान अनुसूचित दर के 5 हजार 53 करोड़ देने को मंजूरी दी गयी। 44 आवासीय विद्यालयों का संचालन गैर सरकारी माध्यम से करने का फैसला लिया गया है। राज्य स्तर के पदों में प्रोन्नति के लिए 1 से 50 पदों के लिए आरक्षण के नये रोस्टर तय किये गये। मंत्रिमंडल सचिवालय ग्रामीण विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड राज्य अभिलेखागार संपर्क के समूह ग की भर्ती प्रोन्नति नियमावली स्वीकृत हुई। झारखंड उच्च न्यायालय की स्थापना के लिए गैर संवर्ग कैडर में 25 पद सृजित किये गये। कृषि विभाग के तहत मशीन उपकरण में अनुदान को 40% से बढ़ा कर 80% किया गया। इसका लाभ महिला समूह, कृषकों को मिलेगा। अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारी को चिकित्सा प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में सरलीकरण किया गया है। अलग-अलग लेवल के अधिकारियों के लिए स्वीकृत प्राधिकृत पाधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला में डीसी और सचिवालय में सचिव होंगे। इसका लाभ रिटायर अधिकारियों को भी मिलेगा।

**डीआरडीए के जिला परिषद में विलय प्रस्ताव को मंजूरी**

जिनके बच्चे 18 साल से नीचे हैं उन महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव के तहत 730 दिनों तक का अवकाश मिल सकेगा। वित्तीय वर्ष 2024 25 के बजट प्राकलन पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति हुई। झारखंड कारखाना नियमावली 1950 में संशोधन हुआ। अनुज्ञा प्रमाण पत्र न्यूनतम 1 साल और अधिकतम 15 वर्ष तक अब जारी होगा। खान निरीक्षक के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया में वादीगण को एक बार की व्यवस्था में आयु सीमा में छूट दी गई है। सात वादीगण है जिन्होंने हाइकोर्ट में केस किया था। झारखंड प्रशासनिक सेवा के सीओ कुंदा प्रमोद राम की अपील खारिज की गयी। झारखंड के कलाकारों के लिए विदेश में प्रस्तुति देने के लिए एमओयू किया जायेगा। झारखंड फूड एंड प्रोसेसिंग पॉलिसी 2024 की स्वीकृति दी गई। डीआरडीए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण का जिला परिषद में विलय किया जायेगा तथा इसे ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं के लिए सभी जिलों में शाखा का गठन किया जायेगा। 380 कर्मियों का जिला परिषद में विलय होगा। आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन वर्ष से अधिक के बच्चों को अंडा देने के लिए खरीद के लिए ₹6 प्रति अंडा की दर तय की गयी और इसे सेविका खरीदेंगी।

**कैबिनेट : 41 प्रस्ताव पर चम्पाई सरकार ने लगाई मुहर**




### लाभुकों को चना दाल व नमक फ्री, राशि को मिली स्वीकृति

सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय में ई ऑफिस के लिए नियम में संशोधन किया गया। राजकीय स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल में पीपीपी मोड पर 10 बेड आईसीयू बेड और टेली आईसीयू के लिए कर्नाटक की एजेंसी के साथ में करार होगा। रिम्स, फूलों झानो अस्पताल दुमका, धनबाद, और 21 अनुमंडल अस्पतालों को टेली आइसीयू होगा। स्कूली शिक्षा में साक्षरता विभाग के अंतर्गत जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा के सभी स्कूल में प्रेरक होंगे। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत झारखंड लोकसभा आयोग के द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद पर सीधी भर्ती की नियुक्ति के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए अधिकतम या न्यूनतम आयु सीमा की गणना तय की गई है। उसके तहत आयु सीमा न्यूनतम 1.8.2024 निर्धारित हुई है। खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड राज्य द्वारा संचालित दाल वितरण योजना का नाम परिवर्तन करके मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना किया गया तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना से लाभुकों को 1 किलो चना दाल मुफ्त में देने और दिवस 2023-24 के लिए 3 करोड़ 30 लाख रुपए एवं आगामी वितीय वर्ष में 7 करोड़ 92 लख रुपए खर्च की स्वीकृति दी गयी। धान खरीद के लंबित भुगतान के लिए एक अरब 32 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रस्ताव पर नमक वितरण योजना का मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना के नाम किया गया और एक किलोग्राम रिफाइंड आयोडीन नमक देने प्रति परिवार की स्वीकृति दी गई।

## कोलकाता में देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो टनल का इनॉगरेशन

# संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले प्रधानमंत्री, कहा- हम आपका ध्यान रखेंगे

**AGENCY KOLKATA :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पश्चिम बंगाल के बारासात में संदेशखाली की पीड़ित आदिवासी महिलाओं से मिले। एजेंसी ने बताया- महिलाओं ने उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद पीएम ने कहा- चिंता ना करें, हम आपका ध्यान रखेंगे। प्रोटोकॉल की वजह से कुछ बसें समय से बारासात नहीं पहुंच सकीं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कोलकाता में देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो टनल समेत 15 हजार 400 करोड़ की योजनाओं का इनॉगरेशन किया। इसके बाद वे नॉर्थ 24 परगना जिले के बारासात में भाजपा की नारी शक्ति अभिनंदन रैली में शामिल हुए। रैली में 85 किलोमीटर दूर से संदेशखाली की महिलाएं भी शामिल होने पहुंची थीं। पीएम ने यहां 38 मिनट का भाषण दिया, जिसमें इंडी गठबंधन, पश्चिम बंगाल सरकार, संदेशखाली और केंद्र सरकार की योजनाओं पर बोले। पीएम ने कहा- इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारी लोग आजकल मेरे परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खुद का परिवार ही नहीं हैं, इसलिए मैं परिवारवाद के खिलाफ बात करता हूं।

- मोदी की रैली में संदेशखाली की महिलाएं भी हुईं शामिल
- देश के विकास के लिए नारी शक्ति को अवसर देना जरूरी
- टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस कट्टरपंथियों के साथ
- टीएमसी सरकार ने कभी बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ लागू नहीं होने दिया


बच्चों के साथ ट्रेन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफर भी किया।

## बेतिया में बिना नाम लिए लालू परिवार पर बोला हमला जंगलराज व जमीन के बदले नौकरी पर जमकर गरजे

**AGENCY BETTIAH :** बिहार के बेतिया में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली हुई। पीएम मोदी पिछले पांच दिनों के अंदर दूसरी बार बिहार आए। हवाई अड्डा मैदान परिसर में बने सभास्थल पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने 12800 करोड़ की योजनाओं की सौगात यहां से दी। उत्तर बिहार की कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। परिवारवाद पर हमला करते हुए पीएम ने कहा कि अपने परिवार की केवल फिक्र करके बिहार के युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया। पीएम ने कहा कि केवल एक ही परिवार यहां फलता-फूलता गया। नौकरी के बदले जमीन मामले का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने बिना नाम लिए लालू परिवार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में जंगलराज लाने वाला परिवार बिहार के युवाओं का सबसे बड़ा जिम्मेवार है।

### इंडिया गठबंधन और राजद पर कटाक्ष

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार का प्रयास है कि युवाओं को यहीं नौकरी व रोजगार मिले। बुधवार को जिन परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन पीएम ने किया, उन परियोजनाओं का मकसद इसी उद्देश्य से जोड़ा। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि ये गठबंधन अभी भी लालटेन के लौ के भरोसे जी रही है। जबतक बिहार में लालटेन रहा तबतक एक ही परिवार की समृद्धि रही। मोदी सच्चाई बताता है तो ये मोदी को गाली देते हैं।

# नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ 'खूंखार शिकारी' एमएच-60आर हेलीकॉप्टर, दुश्मनों की खैर नहीं

## वॉटर कैनन सलामी के साथ हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन हवाई बेड़े में शामिल

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय नौसेना ने बुधवार को पारंपरिक वॉटर कैनन सलामी के साथ कोच्चि के आईएनएस गरुड़ पर अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। समारोह को संबोधित करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने एमएच 60आर हेलीकॉप्टर को दुनिया के शक्तिशाली बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टरों में से एक बताया, जो देश की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करेगा। उन्होंने कहा कि अपने अत्याधुनिक सेंसरों और मल्टी-मिशन क्षमताओं के साथ एमएच 60आर हमारी समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाएगा।



## 2024 चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र तैयार

# 30 लाख सरकारी नौकरी जाति जनगणना का वादा

**AGENCY NEW DELHI :** 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र तैयार कर लिया है। इसे आने वाले दिनों में सीडब्ल्यूसी यानी कांग्रेस कार्य समिति द्वारा पारित होने के बाद जारी किया जाएगा। कांग्रेस कार्य समिति से जुड़े सूत्र ने प्रस्तावित घोषणापत्र के ब्लूप्रिंट की जानकारी दी। इसमें रोजगार, महंगाई से राहत और सामाजिक न्याय पर खास फोकस किया गया है। युवाओं को अपने पाले में करने की रणनीति के तहत कांग्रेस केंद्र सरकार में खाली पड़े 30 लाख सरकारी पदों को भरने का वादा करने जा रही है। मुस्लिमों को रिझाने के लिए सच्चर कमेटी की सिफारिशें लागू करने की बात भी कही गई है।

- सीडब्ल्यूसी द्वारा पारित होने के बाद जारी किया जाएगा घोषणापत्र
- गरीबों को 72 हजार सालाना देने का करेगी वादा

# चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को जारी की एडवाइजरी, कहा- बयानों को लेकर रखें ध्यान

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक एडवाइजरी जारी की है। आयोग ने कहा है कि वो अपने बयानों को लेकर ध्यान रखें। प्रधानमंत्री के खिलाफ कुछ टिप्पणियों से संबंधित मामले में दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश और उनके जवाब सहित सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को भविष्य में अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी है। निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए



राहुल गांधी को आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल से परहेज करने की सलाह दी है। पिछले साल दिसंबर में दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने राहुल गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ नैतिक निंदा के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# हर हाथ तीर-कमान बढ़ता जाएगा झामुमो का कारवां : कल्पना


माला पहनाकर कल्पना सोरेन को सम्मानित करते झामुमो कार्यकर्ता।

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय हो गईं हैं। साहिबगंज जिले में बुधवार को राजमहल के आजसू के बड़े नेता एमटी राजा को पार्टी में शामिल कराने के बाद कहा कि हर हाथ तीर-कमान थामेगा, झामुमो का कारवां बढ़ता जाएगा। कल्पना सोरेन ने कहा कि साहिबगंज से आजसू नेता एमटी राजा जी का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत और जोहार। उन्होंने एक बार फिर कहा कि हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के जन नेता हैं। उनको परेशान किया जा रहा है। ऐसे विपक्ष की अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

**राजमहल में दो दशक से सक्रिय हैं एमटी राजा :** बता दें कि ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के नेता एमटी राजा राजमहल विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। लगातार चार बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले एमटी राजा की वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में महज 5,000 वोट से हार हुई थी।

### न झारखंड झुका है न झारखंडी झुकेगा

कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट करके ये बातें कहीं। उन्होंने आगे लिखा कि न झारखंड झुका है, न झारखंडी झुकेगा। हमंत है तो हिम्मत है। उन्होंने हेमंत सोरेन के हैंडल से ट्वीट किया- हर हाथ तीर-कमान थामेगा, झामुमो का कारवां बढ़ता जायेगा... साहिबगंज से आजसू नेता एमटी राजा जी का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत और जोहार। झारखंड के जन नेता हेमंत जी को षड्यंत्र के तहत परेशान करने वाले विपक्ष की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9,500 और सहायिकाओं को 4,750 रुपये मिलेगा मानदेय : मुख्यमंत्री

# अब महिलाओं को 50 साल की उम्र से ही मिलेगा पेंशन

**PHOTON NEWS RANCHI :** चम्पई सोरेन ने बुधवार को सर्वजन पेंशन योजना का शुभारंभ किया। अब राज्य की महिलाओं और अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को 50 साल की उम्र से पेंशन मिलेगा। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 रुपये और सहायिकाओं को 4750 रुपये हर महीने मानदेय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव रांची में आयोजित सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 50 से 60 वर्ष के लाभुकों के बीच पहली किस्त की राशि के हस्तांतरण और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के सम्मान समारोह में राज्य के बहन-बेटियों को कई सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 50 से 60 वर्ष के 01 लाख 58 हजार 218 आदिवासी, दलित और महिला लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पेंशन की पहली किस्त की राशि का हस्तांतरण किया। उन्होंने कहा कि झारखंड को संवारने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जल-जंगल-जमीन के रक्षकों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में बलिदान देने वाले अपने पूर्वजों के सपनों का झारखंड बना रहे हैं। यहां के आदिवासियों-मूलवासियों की अस्मिता को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। झारखंड का नवनिर्माण एक ऐसे राज्य के रूप में करेंगे, जहां सभी समुदाय और वर्ग का मान-सम्मान होगा। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। हर किसी को उसका हक-अधिकार मिलेगा।



सर्वजन पेंशन योजना का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन।

### राज्य की नींव को कर रहे मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड तभी आगे बढ़ेगा जब इसकी नींव मजबूत होगी। इसी बात को ध्यान में रखकर यहां की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं। समाज में किसी के साथ भेदभाव नहीं हो, इस पर सरकार का विशेष जोर है। समाज के अंतिम व्यक्ति को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। आदिवासी-मूलवासी दलित, पिछड़े, गरीब, मजदूर, किसान और महिला, सभी के उत्थान के लिए कार्य हो रहा है। यहां के बच्चे-बच्चियों के भविष्य को संभालने और उन्हें बेहतर शिक्षा देने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी-कपड़ा और मकान हर किसी की मूलभूत जरूरत है। ऐसे में यहां के लोगों की इन जरूरतों को पूरा करने की दिशा में सरकार लगातार काम करती आ रही है। इसी कड़ी में अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीब, जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों को तीन कमरों का मकान दे रहे हैं।

## चेक बाउंस : अभिनेत्री अमीषा पटेल 2 करोड़ 75 लाख करेंगी वापस

**RANCHI :** फिल्म अभिनेत्री अमीषा बुधवार को चेक बाउंस से जुड़े केस में बकाया राशि देने के लिए तैयार हो गई है। उन्होंने आपसी समझौते के आधार पर दो करोड़ पचहत्तर लाख रुपए प्रार्थी अजय सिंह को देने की पेशकश की है। जिसके बाद कोर्ट ने गुरुवार को उन्हें कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने उन्हें हाजिर होने का निर्देश दिया था, लेकिन निजी कारणों का हवाला देते हुए वह बुधवार को भी उपस्थित नहीं हुई। रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत इस मामले में सुनवाई कर रहा है। बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है। यह मामला वर्ष 2017 का है। फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर किए थे।

## BRIEF NEWS

### अंबा झरना में डूबे व्यक्ति का शव मिला, हत्या की आशंका

**KODERMA :** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र राजावर पंचायत के मोचरामो जंगल के अंबा झरना से बुधवार की शाम एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान मोचरामो निवासी बुधन राय (45) के रूप में की गई। घटना की सूचना पाकर स्थानीय ग्रामीण वहां पहुंचे और इसकी सूचना सतगावां पुलिस को दी गई। सूचना पाकर सतगावां पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर सतगावां थाना लाया। मृतक पानी में कैसे डूबा इसका खुलासा नहीं हो सका है। वहीं घर वालों ने हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### डीएवी कपिल देव में वर्ग 11 में प्रवेश हेतु आवेदन 23 मार्च तक

**RANCHI :** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू रांची में वर्ग ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए आवेदन 23 मार्च तक दिये जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि अभी डीएवी कपिल देव में वर्ग ग्यारहवीं में विज्ञान और वाणिज्य संकाय में प्रोविजनल एडमिशन हेतु आवेदन पत्र आनलाइन और आफलाइन उपलब्ध हैं। प्री बोर्ड के अंकों के आधार पर निर्धारित शर्तों को पूरा करनेवाले वाले छात्र फार्म भरकर प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

### विद्यार्थियों के रचनात्मक सोच में सहायक होंगे स्टेम लैब : उपायुक्त

**HAZARIBAGH :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि डीएमएफटी मद से विभिन्न विद्यालयों में उन्नयन कार्य के साथ स्टेम लैब का अधिष्ठापन की ओर हजारीबाग जिला तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। स्टेम लैब के माध्यम से विद्यार्थियों में कुछ नए सीखने की ओर प्रेरित करता है। साथ ही तार्किक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचार से छात्रों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति उत्सुकता जागृत होती है। डीएमएफटी मद से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निश्चय ही एक महत्त्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने कहा कि यह प्रयास युवाओं को कई क्षेत्रों में भविष्य के करियर के लिए सहायक होंगे। प्रयोग और अन्वेषण के माध्यम से छात्रों में रचनात्मकता और नवीनता विकसित होगी।

### जमशेदपुर का वृद्ध व्यक्ति कटक से लापता


शिबबालक सिंह।

**JAMSHEDPUR :** एक वृद्ध व्यक्ति जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है कटक से लापता हो गया है। इनका नाम शिबबालक सिंह है तथा ये जमशेदपुर के रहने वाले हैं। ये हरे रंग का कपड़ा पहने हुए है और गले में एक मफलर है। इसके विषय में कटक थाने में सनहा दर्ज किया हुआ है। इस व्यक्ति के विषय जिस किसी को पता चले कृप्या मोबाइल नं. 9534629819, 7761014136 अथवा 8789961366 पर संपर्क करें। जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

# सेहरा बंधने से पहले एक साथ उठी दो भाइयों की अर्थी

## दो चचेरे भाई की मौत से मातम में डूब गया पूरा गांव

**PHOTON NEWS DUMKA :** जामा थाना क्षेत्र के ताराजोरा गांव के दो चचेरा भाई की मौत से पूरा गांव मातम में डूब गया है। सड़क दुर्घटना में मंगलवार की देर रात दोनों की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार नवल किशोर खिरहर का पुत्र उदयकांत खिरहर (30) एवं अजयकान्त खिरहर का पुत्र पिंटु कुमार (25) दोनों चचेरे भाई की मौत जामताड़ा जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के अंगूठीया मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में हो गई है। दोनों युवक की शादी इसी माह 11 एवं 12 मई को थी।


घटना के बाद जुटी भीड़। ● फोटोन न्यूज

दोनों कार्ड वितरण करने नई बाइक से अपने रिश्तेदार के घर फतेहपुर गये थे। वहां से लौटने के क्रम में दुर्घटना के शिकार हो गये। इस दुर्घटना में पिंटु कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। जबकि उदयकांत खिरहर की मौत धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गयी। मृतक उदयकांत खिरहर की शादी 11 मार्च को जरमुंडी प्रखंड के तालझारी थाना के तीनघरा गांव में तय हुआ था। वहीं पिंटु कुमार की शादी 12 मार्च को जामा थाना के हल्दीपट्टी गांव में तय हुआ था।

दोनों भाई अपने पिता के एकलौता पुत्र थे। मृतक उदयकांत का पोस्टमार्टम धनबाद में जबकि पिंटू का पोस्टमार्टम जामताड़ा में हुआ। युवक का शव गांव पहुंचते ही चीख पुकार मच गयी। दोनों के घर के लोग दहाड़ मारकर रोने और चिल्लाने लगे। मृतकों के गांव ताराजोरा में बुधवार को किसी के घर में चुल्हा तक नहीं जला।

# साइबर फ्रॉड का नया खेल, कैश लेकर बैंक में किया गया भुगतान

**PHOTON NEWS PALAMU :** डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक के पास स्थित ऑल इन वन टेक्नोलॉजी के संचालक प्रिंस कुमार शुक्ला साइबर फ्रॉड का शिकार हो गये हैं। बैंक ने प्रिंस के खाते पर होल्ड लगा दिया है। परेशान होकर प्रिंस ने इस संबंध में बुधवार को साइबर थाना में मामला दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।




**इलाज के बहाने साइबर क्राइम**

सिंगरा निवासी प्रिंस कुमार शुक्ला को इलाज के बहाने झांसे में लिया गया और एक महिला को उसके प्रतिष्ठान पर भेजकर दो दिन में दो लाख 60 हजार बैंक खाते में जमा लेकर इतने ही पैसे नगद दिया गया। साइबर फ्रॉड की शुरूआत आठ दिसंबर 2023 से हुई। प्रिंस के मोबाइल पर राजबहादुर नाम से एक व्यक्ति ने फोनकर बताया कि इलाज के लिए कैश की जरूरत है। उसके खाते में पैसे हैं। उसे नगद चाहिए और उसके बदले वह खाते में पैसे ट्रांसफर कर देगा।

प्रिंस की सहमति पर राजबहादुर ने 9.12.2023 को एक महिला को उसकी दुकान पर भेजा और आनलाइन भुगतान के लिए क्वार कोड लिया। प्रिंस के खाते पर एक लाख रूपए क्वार कोड के माध्यम से, जबकि एसबीआई बैंक खाते में 30 हजार रूपए भेजे। ठीक इसी तरह अगले दिन भी एक लाख रूपए क्वार कोड से, जबकि 30 हजार रूपए खाते में भेजकर इतने ही पैसे नगदी लिए गए।

**साइबर फ्रॉड के कारण खाते पर लगा होल्ड :** प्रिंस ने बताया कि 75 दिन के बाद उसके बैंक खाते पर होल्ड लगने का मैसेज चार मार्च को आया। अगले दिन एसबीआई शाखा सुदना जाकर पूछताछ की तो पता चला कि साइबर फ्रॉड के चलते उसके खाते पर होल्ड लगाया गया है। बैंक की ओर से यह भी जानकारी दी गयी कि नौ एवं दस दिसंबर को हुए ट्रांजेक्शन के दौरान साइबर फ्रॉड हुआ था। बैंक की जानकारी के बाद प्रिंस को साइबर ठगी की जानकारी हुई।

# अबुआ आवास स्वीकृति में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच के लिए पहुंचे डीडीसी

**PHOTON NEWS PALAMU :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास की स्वीकृति में गड़बड़ी की शिकायत के बाद जिले के उपविकास आयुक्त रवि आनन्द जांच के लिए बुधवार को जिले के तरहसी प्रखंड कार्यालय पहुंचे। डीडीसी के साथ नगर आयुक्त जावेद हुसैन भी मौके पर पहुंचे थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण कुमार से पूरी जानकारी ली। साथ ही शिकायत के आलोक में प्रखंड की नौगढ़ पंचायत में लाभुकों की जांच करने एवं रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।


प्रखंड कार्यालय में जांच के दौरान डीडीसी। ● फोटोन न्यूज

उल्लेखनीय है कि नौगढ़ पंचायत क्षेत्र से शिकायत की गयी थी कि अबुआ आवास की स्वीकृति में धांधली बरती गयी है। आयोग्य लाभुकों का चयन कर लिया गया है। योग्य को दरकिनार किया गया है।

मौके पर डीडीसी ने बताया कि शिकायत के आलोक में नौगढ़ के मुखिया पाइनियर पांडेय एवं पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा गया था। मुखिया द्वारा अबतक जवाब नहीं दिया गया है। पंचायत सचिव के स्पष्टीकरण पर विचार किया जा रहा है। मुखिया को दूसरी बार स्पष्टीकरण दिया जायेगा। इसके बाद भी जवाब नहीं देने पर नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

एक प्रश्न के जवाब में डीडीसी ने बताया कि पूरे जिले में 13080 का लक्ष्य अबुआ आवास को लेकर है। इसके आलोक में दो लाख आवेदन पड़े हैं। दोनों में भारी अंतर हैं। ऐसे में सभी को इस वर्ष अबुआ आवास देना मुश्किल है। शिकायत जो भी आती है, उसकी जांच करायी जाती है। उन्होंने कहा कि द्वितीय स्पष्टीकरण के बाद भी नौगढ़ मुखिया जवाब नहीं देंगे तो उनकी वित्तीय शक्ति जब्त की जायेगी एवं पंचायत सचिव की गलती सामने आने पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### नाम घोषित होने के बाद पहली बार खूंटी पहुंचे अर्जुन मुंडा, बोले-

# बिरसा मुंडा से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को टूरिस्ट सर्किट के रूप में किया जाएगा विकसित

**PHOTON NEWS KHUNTI :** भगवान बिरसा मुंडा के के जीवन से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों उलिहातू, डोंबारी, चलकद, एटकेडीह आदि गांवा को टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित किया जायेगा। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने कहीं। खूंटी से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नाम घोषित होने के बाद पहली बार बुधवार को खूंटी पहुंचे अर्जुन मुंडा खूंटी परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।


कार्यक्रम में उपस्थित अर्जून मुंडा व अन्य। ● फोटोन न्यूज

मंत्री ने कहा कि जंगलों के बीच जन्म लेकर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को देश-दुनिया के लोग यहां आकर अच्छी से जान सकें, उनकी गाथा को समझ सकें और यह महसूस कर सके कि समुचित संसाधनों एवं सुविधाओं के अभाव के बावजूद कैसे एक वीर योद्धा ने ब्रिटिश हुकूमत की चूलें दिला दी थी। इसे लेकर बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों को टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित करने का निर्णय सरकार ने लिया है। इसके लिए प्रथम फेज में 40 करोड़ से अधिक की राशि उपलब्ध करा दी गई है।

योजना के क्रियान्वयन के लिए कंसल्टेंट भी नियुक्त कर दिया गया है। जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही खूंटी जिला के सभी प्रखंडों में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इन विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसे लेकर झारखंड में ढाई सौ शिक्षकों की नियुक्ति भी कर ली गई है। जनजातीय बहुल इलाकों के लिए यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। खूंटी में पांच वर्ष बाद भी शहरी जलापूर्ति योजना का काम पूरा ना होने के सवाल पर अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार के पाले में गेंद डालते हुए कहा कि योजना के लिए समय पर केंद्र से राशि उपलब्ध करा दी जाती है, लेकिन धरातल पर योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार को ही करना पड़ता है। राज्य सरकार को यह देखना चाहिए कि योजना का क्रियान्वयन समय पर हो, ताकि समय से लोगों को उसका लाभ मिल सके। सांसद द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र खूंटी में नहीं रहने यहां से दूरी बनाए रखने के कांग्रेस नेताओं के आरोप पर केंद्रीय मंत्री ने अधिक कुछ न कहते हुए कहा कि जनता के बीच में हैं, जनता के बीच में रहे हैं और जनता के बीच में रहेंगे।

# नगर निगम ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नगर आयुक्त रविराज शर्मा।

**PHOTON NEWS DHANBAD :** लोकतंत्र के महापर्व के दिन धनबाद नगर निगम क्षेत्र के सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसी उद्देश्य को लेकर बुधवार को धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस जागरूकता रैली में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं घर-घर तक जाकर लोगों को मतदान के दिन वोट डालने की अपील करेंगी। इस संबंध में नगर आयुक्त ने कहा कि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें, शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसको लेकर धनबाद के सभी 55 वार्ड जो नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं वहां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं आम लोगों तक इस बात को लेकर जागरूकता फैलाएंगी और उन्हें यह बताएंगी की मतदान उनका पहला लोकतांत्रिक अधिकार है।

इसे हर हाल में प्रयोग करें और देश में सशक्त और सक्षम सरकार बनाने में अपनी भूमिका का निर्वाह करें। उन्होंने मतदाताओं से भी अपील कि की मतदान के दिन अपने घरों से निकले और अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

### वृद्धावस्था पेंशन के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान

# पांच हजार से अधिक लाभुकों के खाते में भेजी गई राशि : उपायुक्त

**PHOTON NEWS DHANBAD :** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन के लाभुकों को प्रथम किस्त की भुगतान, पोषण 2.0 योजना अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 2024, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के पूर्व राज्य की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सम्मान एवं अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ कार्यक्रम का जिला स्तरीय आयोजन बुधवार को धनबाद स्थित न्यू टाउन हॉल में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा मौजूद रही।



पुरस्कार के साथ महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

कार्यक्रम में संबंध में उपायुक्त ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक लाभुकों को उनकी राशि उनके खाते में भेजी गई। इसके साथ ही बाकी के सात हजार लाभुकों का नाम आज एसएसएपी पोर्टल पर रजिस्टर किया गया।

उन्होंने बताया कि आज के इस कार्यक्रम के दौरान सर्जन पेंशन योजना के नए लाभुकों को जोड़ा गया। इसके साथ ही उन्हें पेंशन की पहली किस्त भी दी गई। इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहियाओं जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन किया है उन्हें भी आज कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राष्ट्र पारिवारिकहित योजना के लाभुकों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की लाभुक नई बच्चियों को भी उन्हें पहली किस्त दी गई।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहां आधार पंजीकरण, नए सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि जाए कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए इसके कई स्टॉल भी लगाए गए है। इसके साथ हि जो योग्य लाभुक है उनका नाम लगातार एनएसएपी पोर्टल पर रजिस्टर किया जा रहा है।

# रांची लोस सीट से लोकहित अधिकार पार्टी के उम्मीदवार बने हरिनाथ साहू

**PHOTON NEWS RANCHI :** लोकहित अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने बुधवार को रांची प्रेस क्लब में सवांददाता सम्मेलन कर झारखंड लोकसभा के 9 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। शेष 5 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा बाद में की जाएगी। राँची लोकसभा सीट के हरिनाथ साहू को पार्टी के तरफ से प्रत्याशी बनाने की घोषणा की गई। लोकहित अधिकार पार्टी के तरफ से हरिनाथ साहू को राँची लोकसभा से उम्मीदवार बनाने की घोषणा के बाद हरिनाथ साहू ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू सहित पार्टी के सभी आलाकमान नेताओ का आभार प्रकट करते हुवे कहा कि, जिस विश्वास से पार्टी ने उन्हें राँची लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने का फैसला लिया है, निश्चित ही राँची लोकसभा सीट इस बार लोकहित अधिकार पार्टी के झोली में जाएगी। मैंने पिछले साल भर से पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुचाने का काम किया है। लोकहित अधिकार पार्टी गरीब, दबे कुचले, पिछडो की पार्टी है। आने वाले समय मे इसका परिणाम भी देखा जाएगा।




प्रत्याशियों की सूची इस प्रकार है : रांची से हरिनाथ साहू, पलामु से सनन राम भूईयां, हजारीबाग से कुंज बिहारी साव, राजमहल से इंद्रदेव मंडल, पश्चिमी सिंहभूम से सुभद्रा सिंकु, चतरा से संजय स्नेही, लोहरदगा से रामचंद्र भगत, गोड्डा से टीपलाल साह, खूंटी से कांशीनाथ सांगा। शेष 5 लोकसभा क्षेत्र दुमका, गिरिडीह , धनबाद , कोडरमा और पूर्वी सिंहभूम के लिए भी जल्द ही घोषणाएं की जाएगी।

### पोषण पखवाड़ा एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह

# सर्वजन पेंशन योजना के 4451 लाभुकों को मिली पहली किस्त

**PHOTON NEWS PALAMU :** पोषण पखवाड़ा एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह व सर्वजन पेंशन योजना के नये लाभुकों का प्रथम भुगतान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को टाउन हॉल में किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष के नये 4451 लाभुकों के बीच कुल 8902000 रुपए की प्रथम किस्त उनके खाते में ट्रांसफर की गयी।


दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि। ● फोटोन न्यूज

उपायुक्त ने टाउन हॉल में कुछ लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से स्वीकृति पत्र का वितरण किया। राष्ट्रीय परिवार हितलाभ योजना अंतर्गत 86 लाभुकों के बीच 20 हजार रुपये की दर से कुल 1720000 रुपये का भुगतान किया गया। टाउन हॉल में 10 नवचयनित सेविका एवं सहायिका के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। वहीं राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दो लाभुकों का चयन किया गया।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पांच लाभार्थियों को लाभ दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 बच्चियों को लाभ दिया गया। कुल 28 सेविका व 28 सहायिका को सम्मानित किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करायी गयी। बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। उपायुक्त ने खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

**सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में महिलाओं की अहम भूमिका: डीसी**

मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि ग्राउंड जीरो पर कुल सेविका 28 सहायिका तैनात रहती हैं। वो अपने परिवार का ध्यान रखते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने में अपना योगदान देती हैं। यह प्रशंसनीय है। साथ ही कहा कि आगामी निर्वाचन कार्यों में भी आपकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपने मोबाइल में वीएचए एप इंस्टॉल करने पर बल दिया।

समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि इस मॉडर्न युग में महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं, जिसका उदाहरण आप मंच पर भी देख सकते हैं। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु व जेएसएलपीएस की डीपीएम शांति मार्डी बैठीं हैं।

इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, सहायक समाहर्ता रवि कुमार समेत बड़ी संख्या में सेविका व सहायिका उपस्थित थे।

### विकास भारती में महिला दिवस पर दीदी सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

# आज हर क्षेत्र में महिलाएं लहरा रहीं अपना परचम : अशोक भगत

**PHOTON NEWS RANCHI :** विकास भारती बिशुनपुर एवं फाउण्डेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमन काइंड के संयुक्त तत्वावधान से विकास भारती के रांची स्थित केंद्र में प्रत्येक वर्षों की भांती इस वर्ष भी महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम नाम दीदी सम्मलेन का आयोजन किया गया ।



मंच पर उपतिस्थत सचिव अशोक भगत व अन्य अतिथि। ● फोटोन न्यूज

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता एवं अपने उत्कृष्ट कार्यों हेतु पद्मश्री से अलंकृत चामी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर गत वर्षों में आर्थिक रूप से सशक्त झारखण्ड राज्य की 500 दीदियों को संस्था की उपाध्यक्ष डॉ रंजना कुमारी द्वारा पारम्परिक अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया किया गया। साथ ही संथाली समाज की वीरांगना फूलो एवं झानो की स्मृति में विभिन्न कार्य क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त चामी मुर्मू के साथ अन्य 10 महिलाओं को फूलो-झानो पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर संस्था के सचिव अशोक भगत जी ने अपने अभिभाषण में कहा की आज महिलायें हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है फिर चाहे वो जल हो, थल हो या फिर आकाश। आज महिलायें हर जगह अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है।

Daily THE PHOTON NEWS सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Thursday, 07 March 2024



BRIEF NEWS

## कांग्रेस की गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक स्थगित

**RANCHI :** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की लोकसभा समन्वय समिति की बैठक के कार्यक्रम में मामूली फेरबदल किया गया है। इस संबंध में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि पूर्व निर्धारित गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की देवघर में आठ मार्च को प्रस्तावित बैठक को महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है। अन्य लोकसभा क्षेत्र की बैठक निर्धारित तिथि पर ही होगी।

## श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव दस को

**RANCHI :** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का 136वां जन्मोत्सव और सत्संग बिहार रांची का उद्बोधन कार्यक्रम 10 मार्च को बोडेया रोड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सत्संग बिहार रांची के सचिव देव आशीष गुप्ता ने बुधवार को बताया कि वेद मांगलिक शहनाई के साथ सुबह 4.30 बजे कार्यक्रम शुरू होगा। कीर्तन, विनती प्रार्थना और वाणी पाठ आदि होंगे।

## कार्मिक में पदों की कटौती के विरोध में सचिवालय में विरोध प्रदर्शन

**RANCHI :** झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने कार्मिक विभाग में पदों की कटौती के विरोध में बुधवार को झारखंड मंत्रालय का घेराव किया। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने कहा कि एक तरह जहां उप सचिव से संयुक्त पदो में वृद्धि की बात हो रही है, वहीं दूसरी तरह कार्मिक विभाग कम पदों से ही काम चलाने की बात कर रहा है। विभाग में पहले से ही अधिकारियों व कर्मियों की कमी है, काम का बोझ अधिक है। ऐसे में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के आठ, एसओ के चार, अवर सचिव के दो व उप सचिव के एक पद की कटौती करना सही नहीं है।

## रसोईया-संयोजिका ने की शिक्षा सचिव से मुलाकात

**RANCHI :** झारखंड रसोईया संयोजिका संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से मुलाकात की। इस दौरान विधायक विनोद सिंह बगोदर मौजूद रहे। संघ की ओर से मांगों की जानकारी दी गयी। साथ ही इसके पूर्व संघ की विभागिय अधिकारियों के साथ हुई बैठक और मांगों पर बनी सहमति की जानकारी दी गयी। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा सचिव और विधायक से मांग गयी कि मांगों को जल्द से जल्द कैबिनेट से पास किया जाये।

## राजधानी में आसाराम बापू के भक्तों ने उनकी रिहाई के लिए निकाली रैली

**RANCHI :** 86 वर्षीय संत आसारामजी बापू के गंभीर स्वास्थ्य के चलते उन्हें अनुकूल व बेहतर त्वरित उपचार व उनकी शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर राजधानी रांची में बापू के भक्तों ने रैली निकाली। देशव्यापी कार्यक्रम के तहत छगनलाल धर्मशाला लेक रोड के समीप से कचहरी रोड होते हुए मौन यात्रा निकाली गयी जो राजभवन तक गयी। पुरुषों-महिलाओं-बच्चों ने हाथों में होंर्डिंग-बैनर लेकर बापू की रिहाई की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। योग वेदांत सेवा समिति व महिला मंडल के तत्वाधान में राजभवन के पास जाकर महामहिम राज्यपाल महोदय को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### सीएम ने निर्माणाधीन कांटाटोली-सिरमटोली फ्लाईओवर का किया निरीक्षण

# निर्माण में तेजी लाएं, जुलाई तक हर हाल में पूरा करें : चम्पाई सोरेन

- विचार-विमर्श कर फ्लाईओवर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण जल्द करने को कहा
- फ्लाईओवर का निर्माण कार्य दिन-रात तेज गति से किया जाए, जरूरत पड़े तो मानव बल बढ़ाएं



फ्लाईओवर की कार्य प्रगति का जायजा लेते सीएम चम्पाई सोरेन।

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बुधवार को राजधानी रांची में बन रहे निमार्णाधीन कांटाटोली एवं सिरमटोली फ्लाईओवर की कार्य प्रगति का औचक निरीक्षण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग एवं जुडको के अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निमार्णाधीन फ्लाईओवर का कार्य हर हाल में निर्धारित समय में पूरा करने के लिए निर्माण कार्य में तेजी लाएं। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर फ्लाईओवर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण जल्द करने को कहा। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर की सुविधा आमजनों के लिए है। इसलिए जरूरी है कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य दिन-रात तेज गति से किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जरूरत पड़े तो मानव बल बढ़ाएं। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर निर्माण जुलाई 2024 तक हर हाल में पूरा कर लें। आम जनता जुलाई 2024 से फ्लाईओवर का उपयोग कर सके, यह उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

**फ्लाईओवर निर्माण पूरा होने तक ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे। उन्होंने कहा कि कोई भी नया निर्माण दीर्घकालिक दृष्टि के साथ होना चाहिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। लम्बे अरसे तक राज्य की जनता इस फ्लाईओवर का उपयोग कर सके, इस निमित्त निर्माण से संबंधित सभी मापदंडों पर बेहतर और गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाएं। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## सीएम से मिले टाटा स्टील के सीईओ व प्रबंध निदेशक

**RANCHI :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष टाटा स्टील (कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी भी उपस्थित रहे।

## खत्म हुआ पश्चिमी विक्षोभ का असर, अब झारखंड में बारिश की संभावना नहीं



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो गया है। हालांकि, मंगलवार को राज्य के कई हिस्सों में बारिश होने की वजह से बुधवार को भी कहीं-कहीं बादल छाये रहे। राजधानी में ठंडी हवा भी बही। पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने से 11 मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा। आसमान साफ रहेगा। पहले मौसम विज्ञान केंद्र ने आठ मार्च तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश होने का पूवार्नुमान लगाया था। केंद्र की मानें तो आने वाले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं देखा जायेगा। इस दौरान आठ मार्च से लोगों को गर्मी का एहसास होगा। 11 मार्च तक राज्य का मौसम साफ रहेगा। वहीं, एक दो दिनों तक लोगों को तापमान में ठंड का एहसास होगा। लेकिन दिन के समय धूप के कारण लोगों को गर्मी का एहसास होगा। ऐसे में ठंड और गरम के एहसास के कारण लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। राजधानी रांची की बात करें तो आने वाले कुछ दिनों तक राजधानी का मौसम साफ रहेगा। बुधवार को दोपहर बाद मौसम साफ हो गया। बादल के कारण राजधानी का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेसि, जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेसि दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे में संताल परगना के कोयलांचल में बारिश हुई। धनबाद के पुटकी में सबसे अधिक करीब 27 मिमी बारिश दर्ज की गयी। वहीं, संताल परगना में सारठ के आसपास भी करीब 10 मिमी बारिश हुई।

# ₹6100 करोड़ खर्च होने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को पूरा किया जाना चाहिए : हाईकोर्ट

### भू राजस्व विभाग के सचिव व जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता से मांगा जवाब

- संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका की झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में 6 हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई थी। मामले में हाई कोर्ट में भू राजस्व विभाग के सचिव हाजिर हुए। उन्होंने खरकई डैम प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के संबंध में जानकारी दी। कोर्ट ने उन्हें शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि अभी इस प्रोजेक्ट के लिए और कितने जमीन के अधिग्रहण का काम बचा है और इसके लिए कितनी राशि आपके पास बची है। वहीं, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता की ओर से कोर्ट को बताया गया की जमीन अधिग्रहण पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में बाधा हो रही है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि आपस में मिलजुल कर इसका समाधान निकाला जाना चाहिए। इस प्रोजेक्ट के लिए 6100 करोड़ रूपया खर्च हो चुका है इतना राशि खर्च होने के बाद इसे आधा में नहीं रोका जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि 6 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को क्यों बंद कर दिया गया था?

### बिना कारण के रोक दिया गया प्रोजेक्ट

दरअसल, वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट किया जा रहा था। लेकिन वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना कारण के बंद कर दिया गया। प्रार्थी का कहना है कि सरकार ने इस डैम के प्रोजेक्ट पर 6 हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर दी है। वर्ष 2020 में बिना कारण के इस प्रोजेक्ट को रोक दिया गया। जबकि इस डैम के प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है और प्रभावित विस्थापितों को बसाने के लिए नया जगह भी बन चुका है। ऐसे में इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जाए।

## लोकसभा चुनाव के लेकर आईजी अभियान आज करेंगे समीक्षा बैठक

**RANCHI :** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए झारखंड पुलिस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार 7 मार्च को सुरक्षा समेत अन्य मामलों को लेकर आईजी अभियान पुलिस मुख्यालय में राज्य के सभी रेंज के डीआईजी और एसएसपी/एसपी के समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान सभी जिलों के एसपी अपने अपने जिले के जिला सुरक्षा को लेकर अपनी तैयारी की जानकारी देंगे। बीते तीन मार्च को राज्य के सभी रेंज आईजी, डीआईजी, एसएसपी/एसपी और डीएसपी को भी लोकसभा चुनाव को लेकर नोडल पदाधिकारी ने प्रशिक्षण दिया था। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस को कई तरह की तैयारी करनी है। पुलिस पर सुरक्षा बलों की तैनाती, नकल अभियान, बूथ प्रबंधन के साथ-साथ प्रधान मंत्री सहित विभिन्न स्टार प्रचारकों की सुरक्षा की जिम्मेवारी है।

# बेरोजगारी भत्ता का वादा भूल चुकी ठगबंधन सरकार : भाजपा

### प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो का सरकार पर निशाना

- युवाओं को भी ठग रही चम्पाई सरकार
- जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच का आदेश राज्य सरकार ने नहीं दिया

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने बुधवार को चम्पई सरकार पर निशाना साधा। कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य के झामुमो कांग्रेस राजद ठगबंधन ने राज्य के युवाओं के लिए प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी,नहीं तो बेरोजगारी भत्ता और नहीं तो इस्तीफा का वादा किया था। पूर्ववर्ती हेमंत सरकार ने न तो युवाओं को नौकरी दी और न बेरोजगारी भत्ता। भले हेमंत सोरेन का इस्तीफा भ्रष्टाचार के कारण हुआ, लेकिन कहीं न कहीं उसमें युवाओं की आह भी शामिल है। इससे आगे कहा कि चंपाई सरकार भी युवाओं को रोज ठग रही है। आज तक जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच का आदेश राज्य सरकार ने नहीं दिया। चंपाई सरकार की नजरों में भी युवाओं की कोई कद्र नहीं। यह सरकार सर्वजन पेंशन योजना का ढिंढोरा पीट रही, जबकि पेंशन की योजनाएं बहुत पहले से लागू है। यह सरकार बेरोजगारी भत्ता के बारे में कोई विचार नहीं कर रही। युवा अपनी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहे लेकिन नौकरियों को बेचा जा रहा। परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रही। चंपाई सरकार भी युवाओं को पेंशन के उम्र तक इंतजार कराना चाहती है।

# केंद्रीय कारा के ऐतिहासिक दस्तावेज को संरक्षित करने के लिए क्या कदम उठाया

### झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने हजारीबाग केंद्रीय कारा के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए उसके रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हजारीबाग के लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में स्वतंत्रता सेनानियों को रखे जाने को देखते हुए वर्ष 1911 के पहले के इस जेल के ऐतिहासिक दस्तावेज को संरक्षित किए जाने को लेकर उठाये गए कदम पर जानकारी मांगी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग केंद्रीय कारा का इतिहास करीब वर्ष 1800 के आसपास का है। इस जेल में स्वतंत्रता सेनानियों को रखा जाता था। इस पर कोर्ट ने 1911 के 70 साल पहले के रिकॉर्ड को संरक्षित करने के संबंध में सरकार से सवाल जवाब किया। मामले की अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी। बता दें कि जेल मैनुअल में सुधार एवं जेल में कैदियों की स्थिति से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हाई कोर्ट में हो रही है। इसी दरमियान कोर्ट ने उक्त दिशा-निर्देश राज्य सरकार को दिया है।

## राजद के भोला यादव पहुंचे रांची, लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा

**RANCHI :** राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव बुधवार को रांची पहुंचे। झारखंड प्रदेश कार्यालय में राजद नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान भोला यादव ने लोकसभा चुनाव पर विस्तृत रूप से चर्चा की। झारखंड की तीन लोकसभा सीटों चतरा, पलामू और कोडरमा पर नेताओं ने चुनाव लड़ने की मांग की। इस पर उन्होंने गठबंधन दलों से बात करने की बात कही। साथ ही कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव कमलेश यादव, मनोज कुमार पाण्डेय, सचिव राम कुमार यादव, प्रदेश युवा अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रानी कुमारी सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# मोनी रांची की एसओआर व मोहन बने बुंडू के एसडीओ, 46 अफसरों का हुआ तबादला

**CRIME REPORTER RANCHI :** राज्य प्रशासनिक सेवा के 46 पदाधिकारी का तबादला किया गया है। सूची के अनुसार प्रतीक्षारत मोनी कुमारी को रांची का विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी (एसओआर), भू राजस्व विभाग के अवर सचिव मोहन लाल मरांडी को एसडीओ बुंडू व रांची के एसओआर जेम्स सुरीन को अपर समाहर्ता पाकुड़ व रांची की सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रूबी कुमार को उपनिदेशक डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान बनाया गया है। वहीं श्वेता वेद को क्षेत्रीय उपनिदेशक जियाडा, गोपी उरांव को जिला कल्याण पदाधिकारी सरायकेला, कोल्हान प्रमंडल में आयुक्त के सचिव प्रेम कुमार तिवारी को महाप्रबंधक झारखंड खनिज विकास निगम, रविंद्र गहराई को अपर निदेशक स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना, राज महेश्वरम को अपर समाहर्ता साहिबगंज, मनीष कुमार को पाकुड़ का डीसीएलआर, नरेश रजक को जिला आपूर्ति पदाधिकारी देवघर, मो जियाउल अंसारी को एसओआर धनबाद, राजीव कुमार को डीसीएलआर गुमला बनाया गया है।

### कार्मिक विभाग ने जारी किया संबंधित आदेश

कार्मिक विभाग ने इसे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इधर धालभूम एसडीओ पियूष सिन्हा को हुसैनाबाद का एसडीओ बनाया गया है, जबकि वहां के एसडीओ आशीष गंगवार को रामगढ़ एसडीओ के पद पर भेजा गया है। पाकुड़ के एसडीओ हरिवंश पंडित को स्कूली शिक्षा में उप सचिव, स्कूली शिक्षा के अपर सचिव प्रवीण केर-केट्टा को एसडीओ पाकुड़, राज्यपाल सचिवालय के अवर सचिव श्वेता कुमारी गुप्ता को जेपीएससी का उप परीक्षा नियंत्रक व देवघर की जिला भूअर्जन पदाधिकारी शुभ्रा रानी को एसडीओ चांडिल बनाया गया है। वहीं जेपीएससी के उप परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार रजक को दुमका, रतन कुमार सिंह को महुआडांड़, कौशल कुमार को लातेहार, विपिन कुमार दुबे को बगोदर, अशोक कुमार को बेरमो का एसडीओ, सुनील कुमार प्रजापति को एसडीओ सरायकेला, सुमंत तिर्की को एसडीओ सिमडेगा, प्रभाकर मिर्धा को एसडीओ वंशीधर नगर, पारूल सिंह को एसडीओ धालभूमगढ़, शैलेश कुमार को एसडीओ हजारीबाग बनाया गया है। इसके अलावा भी कई अन्य का अफसरों का तबादला किया गया है।

## राज्य बिजली वितरण निगम के तकनीकी अधिकारियों का हुआ तबादला

**RANCHI :** झारखंड बिजली वितरण निगम ने क्षेत्रीय तकनीकी महाप्रबंधकों का तबादला किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है, जिसके मुताबिक छतरपुर के वरीय प्रबंधक तकनीकी राम गोपाल राम को स्थानांतरित करते हुए वरीय प्रबंधक तकनीकी विद्युत आपूर्ति अंचल साहेबगंज में पदस्थापित किया गया है। निगम मुख्यालय में पदस्थापित वरीय प्रबंधक तकनीकी शोभन सिंह को वरीय प्रबंधक तकनीकी छतरपुर में स्थानांतरित किया गया है। नगर उंटारी में कनीय अभियंता रहे धनंजय प्रसाद को राजखरसावां विद्युत आपूर्ति प्रशाखा जमशेदपुर पदस्थापित किया गया है। तकनीकी महाप्रबंधक संजय सिंह को उप महाप्रबंधक पावर परचेस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके साथ संजय सिंह महाप्रबंधक वाणिज्यिक के कार्यों का वहन भी करेंगे।

### नवप्रोन्नत 78 और प्रतीक्षारत 31 डीएसपी को मिली पोस्टिंग

# अनिल एक्का एसीबी रांची व सुधीर सुरीन स्पेशल ब्रांच के बने डीएसपी




**CRIME REPORTER RANCHI :** राज्य सरकार से नवप्रोन्नत 78 डीएसपी की पोस्टिंग की है। इन डीएसपी का सीआईडी विशेष शाखा सहित अन्य पुलिस विंग में तैनाती की गई हैं। साथ ही 31 प्रतीक्षारत डीएसपी को भी पदस्थापित किया गया है। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार देर रात जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार राजभल्लव पासवान को एसआईएसएफ बोकारो, लक्ष्मण प्रसाद को सीसीआर देवघर, अरुणा मिश्रा को जैप 6 जमशेदपुर, प्रमोद सिंह को आईआरबी 1 जामताड़ा, अशोक पासवान को जैप 9 साहिबगंज, अनिल एक्का को एसीबी रांची, अटल सांडिल को एसीबी रांची, किशोर तिर्की को आईआरबी 9 गिरिडीह, गोवर्धन उरांव को आईआरबी 6 गुमला, अजीत अरुण एक्का को एसीबी रांची, सुधीर सुरीन को स्पेशल ब्रांच रांची, मुनू टुडू को एसीबी रांची में तैनात किया गया है। यदु साव को अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय रांची, इंद्रदेव राय को एसीबी रांची, कौशलेंद्र कुमार झा को टीटीएस जमशेदपुर, मनोज कुमार ठाकुर को झारखंड सशस्त्र पुलिस बल 8 जमशेदपुर, राजेश कुमार सिन्हा को एसीबी रांची, भरत राम को सीआईडी, रांची, शिवपूजन बहेलिया को एसीबी, रांची, दीपक कुमार को विशेष शाखा रांची, झानो हासदा झारखंड सशस्त्र पुलिस बल जमशेदपुर, राधे श्याम दास को विशेष शाखा रांची,राजेंद्र प्रसाद रजक को विशेष शाखा रांची में तैनात किया गया है।

### चंद्रमोहन सीआईडी, शैलेश एसटीएफ व श्रीनिवास गए डीआईजी ऑफिस

नलिन कुमार मरांडी को जेएपीटीसी पदमा, अर्जुन पूर्ति को स्पेशल ब्रांच रांची, रफायल मुर्मू को स्पेशल ब्रांच रांची, चंद्रमोहन हांसदा को सीआईडी रांची, रामजी महतो को स्पेशल ब्रांच रांची, अलबिनुस इंदवार को एसीबी रांची, प्रकाश टोप्पो को स्पेशल ब्रांच रांची, अनूप बीपी केरकेट्टा को आईआरबी 9 गिरिडीह, संतोष कुमार को एसटीएफ रांची, दीपाली नायक को जैप 10 होटवार, मनोज कुमार सिंह को सीसीआर हजारीबाग,सतीश सिन्हा को सीआईडी रांची, श्रीनिवास सिंह को स्पेशल ब्रांच रांची, जय गोविंद प्रसाद गुप्ता को रेल धनबाद, रमाकांत तिवारी को सीआईडी रांची में तैनात किया गया है। शैलेश चौहान को एसटीएफ रांची, संजय कुमार 2 को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग,मुन्ना प्रसाद गुप्ता को एसटीएफ रांची, रमेश कुमार को स्पेशल ब्रांच रांची, संजय कुमार 3 को जैप 1 रांची, श्रीनिवास को डीआईजी ऑफिस रांची, राजीव रंजन लाल को स्पेशल ब्रांच रांची, सुनील कुमार चौधरी को एसीबी रांची, संजीव कुमार 1 को आईआरबी 9 गिरिडीह, रविंद्र कुमार सिंह को सीआईडी रांची, विद्या शंकर को आईआरबी 2 पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) कैंप मुसाबनी के पद पर पदस्थापित करते हुए साइबर अपराध की रोकथाम के लिए जमशेदपुर जिला में प्रतिनियुक्ति किया गया है। इसी प्रकार राज कुमार यादव को सीआईडी रांची, सुधीर कुमार चौधरी को स्पेशल ब्रांच रांची, कृष्ण मुरारी को स्पेशल ब्रांच रांची, आबिद खान को आईआरबी 9 गिरिडीह, शिव प्रकाश को ट्रैफिक डीएसपी रांची, नीरज कुमार को स्पेशल ब्रांच रांची, प्रभाष नाथ मिश्रा को आईआरबी 2 पश्चिमी सिंहभूम, राम नारायण चौधरी को डीएसपी खलारी, विजय रंजन कुमार को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग, मंजू कुमारी को जैप 6 जमशेदपुर, सुमन कुमार सुमन को स्पेशल ब्रांच रांची में तैनात किया गया है।

### अरविंद कुमार बने झारखंड जगुआर के डीएसपी

बिनेश लाल को मुख्यालय गोड्डा,राजेंद्र प्रसाद रजक को विशेष शाखा, रांची, विश्वनाथ सिंह को आईआरबी 01 जामताड़ा, सत्येंद्र प्रसाद को (एसआईबी) विशेष शाखा रांची, अशोक कुमार दास को आईआरबी 01जामताड़ा, बनारसी प्रसाद को झारखंड सशस्त्र पुलिस बल 3 धनबाद में तैनात किया गया है। दूसरी ओर प्रतीक्षारत डीएसपी अरविंद कुमार सिन्हा को रांची के झारखंड जगुआर का डीएसपी, राजा कुमार मित्रा को देवघर के झारखंड सशस्त्र पुलिस बल 5 का डीएसपी, जयदीप लकड़ा को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के मनोहरपुर का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, ओमप्रकाश तिवारी को रांची के झारखंड सशस्त्र पुलिस बल दो का डीएसपी बनाया गया है। प्राण रंजन कुमार को पलामू के लेस्लीगंज के झारखंड सशस्त्र पुलिस बल 8 का डीएसपी, मनीष चंद्र लाल को हजारीबाग के झारखंड सशस्त्र पुलिस बल सात का डीएसपी, विकास आनंद लांगुरी को जामताड़ा का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,अजय कुमार-2 को झारखंड जगुआर का डीएसपी, सतीश चंद्र झा को धनबाद के गोविंदपुर का डीएसपी बनाया गया है। इसके अलावा भी अन्य पुलिस पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं।

# भाजपा का मतलब है भ्रष्टाचारी जोड़ो पार्टी : सोनाराम देवगम




**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 20 वें दिन बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला सचिव सोनाराम देवगम की अध्यक्षता में उपवास रखा।

मौके पर सोनाराम देवगम ने कहा कि हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। साथ ही कहा कि भाजपा का मतलब है भ्रष्टाचारी जोड़ो पार्टी। भाजपा कोई पार्टी नहीं है। वह वाशिंग मशीन बन गई है। भाजपा अपने आप को गंगा समझ रही है, जिसमें जितने भ्रष्टाचारी जाएंगे वह साफ हो जायेंगे। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि उपवास कार्यक्रम के 20वें दिन पश्चिमी सिंहभूम जिला समिति आई है और हेमंत सोरेन के न्याय के लिए सभी यहां उपवास पर बैठे हुए हैं। सारे जिलों में पंचायत में भी न्याय यात्रा कार्यकर्ता निकाल रहे हैं। आने वाले चुनाव में केंद्र की भाजपा सरकार को यहां की जनता झारखंड के अपमान का बदला लेगी।

THE PHOTON NEWS
04 www.thephotonnews.com
Thursday, 07 March 2024

## BRIEF NEWS

### गृहस्थी उद्योग के नए स्टोर का हुआ उद्घाटन



**ROURKELA :** गृहस्थी उद्योग प्राइवेट लिमिटेड ने अपने ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छेंड स्थित प्लूटन मॉल के ग्राउंड फ्लोर पर नए स्टोर गृहस्थी बाजार का मंगलवार को उद्घाटन किया। विशेष पूजा अर्चना के साथ गृहस्थी की सीएमडी गणेश बगड़िया और उनके परिवार द्वारा इस नए स्टोर का उद्घाटन किया गया। गृहस्थी बाजार में लगभग गृहस्थी के 400 प्रकार के मसाला और विभिन्न तरह के आचार और ड्राईफ्रूड भी उपलब्ध होगा।

### सीएम आवास पर हुई पार्टी नेताओं की बैठक, भाजपा-बीजद गठबंधन पर भी चर्चा



**BHUBANESHWAR :** बीजू जनता दल के पार्टी नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक सीएम नवीन पटनायक के आवास पर बुधवार दोपहर 3:30 बजे हुई। इस दौरान लोकसभा और विधानसभा चुनाव के संदर्भ में इस पर चर्चा की गई। बैठक में शामिल हुए प्रणब प्रकाश दास, प्रताप देव, प्रताप जेना,सारदा प्रसाद नायक और प्रसन्ना आचार्य समेत कुछ वरिष्ठ नेताओं को नवीन नवीन निवास में आमंत्रित किया गया था। संभावना जताई जा रही है कि बीजेपी-बीजेडी गठबंधन पर चर्चा हुई है।

### बीरमित्रपुर में 1.10 करोड़ के योजनाओं का शिलान्यास



**ROURKELA :** पंचायतीराज दिवस पर बीरमित्रपुर नगर पालिका की ओर से नगरपाल संदीप मिश्रा ने 1 करोड़ 10 लाख की 16 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सभी पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी रश्मिरंजन दास, विजय रंजन चंदेल, चित्तरंजन साहू, प्रमोद नायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### महिलाओं की समस्या के समाधान का आश्वासन



**ROURKELA :** रघुनाथपाली पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रशांत सेठी ने रघुनाथपाली विधानसभा क्षेत्र सेक्टर-8 में आयोजित जननी संपर्क अभियान के नौवें चरण के जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। इश दौरान महिलाओं के सामाजिक और व्यक्तिगत समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और समस्या का समाधान करने का वादा किया।

### बीजू जनता दल ने मनाई बीजू पटनायक की जयंती



**ROURKELA :** बीजू जनता दल ने बिसरा ब्लॉक कॉलोनी में एक सार्वजनिक सभा और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सरकारी चिकित्सा केंद्र में फल वितरित किए गए। सरपंच जिला परिषद,पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष संबलपुर जोन महिला अध्यक्ष संध्या रानी लकड़ा राउरकेला संगठन जिला अध्यक्ष हालु मुंडारी राउरकेला संगठन उपाध्यक्ष सोमनाथ राहा, चेयरमैन फूल मणि मैडम, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश ओराम, परशुराम महापात्रे, बीचा मिंज, सुनीता मिंज, सुषमा ओराम , ज्योती स्वाई, यमुना ओराम, तारिक अजीज अंसारी, कैलाश भुविया, विक्रम सिंह, बंटू सिंह, सूरज नाइक, अनिल साहू, सुमित साहा, संतोष बेहरा, चुनू पाणिग्रही, विक्की मोहंती, शेखर सेन छोटू महतो, धुबराज राउत, सुब्रत मजूमदार, मंजूस महतो समेत कई कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सर्वजन पेंशन योजना के तहत जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# जमशेदपुर में 19,719 लाभुकों के खाते में गए 4 करोड़ रुपये



महिला को पेंशन का लाभ देते मंत्री बन्ना गुप्ता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सर्वजन पेंशन योजना की शुरूआत मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रांची में किया, जबकि जिलास्तरीय कार्यक्रम साकची स्थित रवींद्र भवन में हुआ। यहां पूर्वी सिंहभूम जिले के 19,719 लाभुकों के खाते में लगभग चार करोड़ रुपये डीबीटी से भेजे गए। इसमें 50-60 वर्ष की महिलाओं व एसटी पेंशनधारकों को फरवरी एवं मार्च महीने की पेंशन राशि 3 करोड़ 94 लाख 38 हजार रुपये दिए गए हैं। इस मौके पर उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिले में 50-60 आयु वर्ष के पेंशनधारियों को चिन्हित करने में पूर्वी सिंहभूम जिला पूरे राज्य में पहले स्थान पर है। लगभग 35 हजार आवेदन अभियान के तहत प्राप्त किए गए हैं, जिनमें अबतक 24 हजार आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री की गई।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पोटका के विधायक संजीब सरदार, उपायुक्त अनन्य मित्तल, उपविकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी-आइटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा आदि भी उपस्थित थे।

### स्वर्णरेखा मेरी मां, मां का कर्ज उतारने की कर रहा हूं कोशिश : बन्ना गुप्ता



**JAMSHEDPUR :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता इन दिनों महाशिवरात्रि की तैयारी में जुटे हैं। वे सोनारी स्थित दोमुहानी छठ घाट पर सीढ़ियों का निर्माण करा रहे हैं, जहां 8 मार्च को स्वर्णरेखा आरती के साथ भव्य उत्सव मपनाया जाएगा। मंगलवार को गढ़वा से लौट कर बन्ना सीधे दोमुहानी गए और रात भर निर्माण कार्य की निगरानी करते रहे। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि स्वर्णरेखा मेरी मां है। मां का कर्ज उतारने की पूरी कोशिश कर रहा हूं। मेरा सौभाग्य है कि विधाता ने मुझे इस कार्य के लिए चुना है। जब तक मां स्वर्णरेखा का कर्ज नहीं उतरूंगा चुप नहीं बैठूंगा। कुछ लोगो के राजनीतिक विरोध के कारण कार्य में थोड़ा विलंब हो रहा है, लेकिन तमाम व्यवधानों को दूर कर स्वर्णरेखा घाट को विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल बनाने का सपना पूरा होगा और दोमुहानी को अंतरराष्ट्रीय स्तर का गौरव प्राप्त होगा, इसके लिए मैं संकल्पित हूं।

## ग्रेजुएट कॉलेज में विज्ञान दिवस का समापन समारोह आयोजित

# हमारे चारों ओर जो भी वस्तु दिखती है सभी विज्ञान की देन है : डॉ अमर सिंह



ग्रेजुएट कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते डा अमर सिंह। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वूमेन में बुधवार को विज्ञान दिवस का समापन समारोह हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह थे। उन्होंने कहा कि मनुष्य के चारों तरफ सुख-सुविधा की जो भी वस्तुएं दिखाई देती है, वह सब विज्ञान की ही देन है। आज विज्ञान विषय के प्रति छात्र-छात्राओं की रुचि में कमी आई है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य प्रो. डोरिस दास ने बताया कि विज्ञान दिवस 28 फरवरी को शुरू हुआ था। इस अवसर पर विज्ञान दिवस की को-ऑर्डिनेटर डॉ बनोश्री दे, डॉ अरुंधति दे, प्रो प्रतिमा सिन्हा, डॉ मुकुल भेगराज, डॉ सुशीला हांसदा, डॉ सुनीता, डॉ संगीता, डॉ विशेश्वर यादव, डॉ पूनम ठाकुर, प्रो प्रियंका कुमारी, प्रो रानी कुमारी, डॉ अनामिका कुमार, प्रो रंजन दत्त, डॉ पूनम रजक, डॉ अनामिका आदि उपस्थित थीं।

### महिला दिवस पर जेकेएस कॉलेज में हुई पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता



**JAMSHEDPUR :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पारडीह स्थित जेकेएस कॉलेज में बुधवार को पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रथम तमन्ना सोविया एंड ग्रुप, द्वितीय शहनवाज एंड ग्रुप व तृतीय राहुल गोस्वामी एंड ग्रुप रहे। वहीं म्यूजिकल चेयर में सानिया परवीन, अभिषेक शर्मा व अर्फी परवीन क्रमशः श्रेष्ठ रहे। कालेज की एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डा. लक्ष्मी मुर्मू की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार, शिक्षक डॉ. बी. महतो, प्रो. रिंकू कुमार, प्रो. जी रमा, प्रो. बसंती, छात्र फिरोजा, जीनत, फातिमा, आइशा आदि उपस्थित थीं।

## बकाया भुगतान के लिए बीएसएल कार्यालय का घेराव, विरोध प्रदर्शन



विरोध-प्रदर्शन करते लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** वेतन अनुबंध व 17 माह के बकाया भुगतान की मांग को लेकर बुधवार को श्रमिक कर्मचारी ने विरमित्रपुर स्थित बीएसएल कार्यालय का घेराव किया। पूर्व विधायक जॉर्ज तिर्की के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में कंपनी के पूर्व कर्मचारी भी शामिल हुए। उपरोक्त मांगों के अलावा स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार देने, पूर्व कर्मचारियों को ग्रेच्युटी का भुगतान करने की मांग भी शामिल थी।100 वर्ष पुरानी बीएसएल कंपनी बीरमित्रपुर की जीवन रेखा माना जाता था। लेकिन अब कंपनी बेहद संकट में है, और इसके पुनरुद्धार की मांग की जा रही है।

### कदमा-शास्त्रीनगर बवाल मामले मे विहिप नेताओं को कोर्ट से मिली जमानत

**JAMSHEDPUR :** कदमा-शास्त्रीनगर में 9 अप्रैल 2023 को हुए बवाल मामले में विश्व हिंदू परिषद, जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ताओं को कोर्ट से जमानत मिल गई है। इस घटना में पुलिस द्वारा बनाए गए आरोपियों में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, दीपक वर्मा, सुभाष चटर्जी और प्रदीप सिंह को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मंजूर होने के बाद जमशेदपुर निचली अदालत से जमानत मिल गई। विहिप के सदस्यों ने बताया कि धर्म की रक्षा हेतु संघर्ष निरंतर जारी रहेगा ऐसे मामलों से किसी भी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरने वाला नही है।

## मुख्यमंत्री आज आएंगे जमशेदपुर करेंगे मेधा डेयरी प्लांट का शिलान्यास





**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन गुरुवार को जमशेदपुर आएंगे, जहां वे दोपहर करीब 2 बजे मेधा डेयरी के प्लांट का शिलान्यास करेंगे। इसे लेकर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल से आवागमन एवं निकासी, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था, परिसर में बैरिकेडिंग व पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, झारखंड स्टेट मिल्क कॉपरेटिव फेडरेशन के जीएम, डीटीओ, नगर निकाय के पदाधिकारी, भवन निर्माण के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री दोपहर 1.40 बजे हेलिकॉप्टर से जमशेदपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जबकि 3 बजे सरायकेला-खरसावां जिला स्थित गजिया बराज जाएंगे। वहां कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर शाम 4.55 बजे हेलिकॉप्टर से रांची रवाना हो जाएंगे।

### बेरोजगारी के खिलाफ भाजयुमो आज निकालेगी रोजगार न्याय मार्च

**JAMSHEDPUR :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजयुमो गुरुवार को रोजगार न्याय मार्च निकालेगी। इसे लेकर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज बुधवार को जमशेदपुर पहुंचे। परिसदन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए शशांक राज ने कहा कि झारखंड की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार में युवाओं से वादाखिलाफी, बेरोजगारी, जेएसएससी पेपर लीक एवं नियुक्ति घोटाला समेत युवाओं के मुद्दे को लेकर भाजयुमो ने सड़क पर उतरने की रणनीति बनाई है। गुरुवार को कोल्हान प्रमंडल के भाजयुमो कार्यकर्ता रोजगार न्याय मार्च निकालकर गोलमुरी स्थित जमशेदपुर अवर प्रादेशिक नियोजनालय का महाघेराव कर विरोध दर्ज कराएंगे। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि महाघेराव के निमित्त जमशेदपुर महानगर में युवा चौपाल के माध्यम से बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई गई है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के पश्चात पहली बार जमशेदपुर पहुंचे शशांक राज का मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के बीच स्वागत किया।

## प. सिंहभूम के 50 किसान छत्तीसगढ़ में सिखेंगे उन्नत बागवानी के गुर



किसानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते उपायुक्त व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय परिसर से जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, जिला कृषि पदाधिकारी कालिपद महतो, जिला उद्यान पदाधिकारी विश्वजीत सिन्हा व अन्य की उपस्थिति में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत जिले के चयनित किसानों का राज्य के बाहर इंस्टीट्यूट आफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, रायपुर, छत्तीसगढ़ में निर्धारित बागवानी प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु कुल 50 किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

परिभ्रमण के दौरान कृषकों को टिश्यू कल्चर बनाना लैब, बीएनआर अमरूद बागान, प्रगतिशील कृषकों का खेत आदि का भ्रमण कराया जाएगा। जैविक खेती, उच्च मूल्य वाली फसलों, सजावटी फसलों प्रसंस्करण एवं अन्य विषयों पर आगामी 9 मार्च 2024 तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। रवानगी कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के द्वारा उपस्थित कृषकों से वार्ता करते हुए उन्हें प्रशिक्षण पर जाने के लिए शुभकामनाएं दिया गया।

## नौ से 15 मार्च तक साकची के रामलीला मैदान में होगा भागवत कथा का आयोजन



मीडिया को जानकारी देते आयोजक। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी 9 से 15 मार्च तक साकची रामलीला मैदान में होगा। जिसकी सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में बुधवार को कथा स्थल रामलीला मैदान में आयोजकों ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगे बताया कि गोकुलधाम मथुरा से कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज कथा का प्रसंग करने के लिए शहर पधार रहे हैं। भागवत कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक होगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे पूजा होगी। पहले दिन शनिवार 9 मार्च को सुबह 8.30 बजे स्वर्णरेखा हाथी घोड़ा मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी, जो कथा स्थल पहुँचकर समाप्त होगी।। कलश यात्रा में 121 महिलाएं शामिल होगी। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने का अनुरोध किया हैं। उन्होंने बताया कि इस भागवत कथा के आयोजन में स्व. मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट विशिष्ठ सहयोगी हैं। संवाददाता सम्मेलन में प्रमुख रूप से भागवत कथा समिति के अध्यक्ष डा. डीपी शुक्ल, रामफल मिश्र, महामंत्री शंकर लाल सिंघल, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, पवन अग्रहरी, रोहित कुमार मिश्र, रामगोपाल चौधरी, रामकेवल मिश्र, मगन पाण्डे आदि उपस्थित थे।

### जमशेदपुर में 10 को होगा भारतीय जनतंत्र मोर्चा का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**JAMSHEDPUR :** विधायक सरयू राय के नेतृत्व वाली भारतीय जनतंत्र मोर्चा का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 10 मार्च को जमशेदपुर में होगा। इस संबंध में भाजमो, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को बारीडीह स्थित जिला कार्यालय में बैठक हुई। शर्मा ने बताया कि सम्मेलन सिदगोड़ा के बिरसा मुंडा नगर भवन में होगा। जिस तरह आम जनता उत्साह के साथ विधायक सरयू राय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनहित में कार्य कर रही है, उसी प्रकार अंतिम कार्यकर्ता को भी इस सम्मेलन से जोड़ना है। बैठक में जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन, विजय सिंह, दुर्गा राव, सुधीर सिंह सहित विभिन्न मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्पेशल रैपोटियर सुचित्रा सिन्हा पहुंचीं पोटका, पांच वर्ष पूर्व का मामला



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड स्थित कोवाली में 12 जनवरी 2019 को नाचोसाई में ग्रामीण 12 एकड़ क्षेत्रफल वाली पहाड़ी को लीज पर देने का विरोध कर रहे थे। अइस मामले में ग्रामीणों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई थी, जिसमें कई महिला-पुरुष घायल हो गए थे। इसी घटना में घायल 50 वर्षीय सुरपी सरदार की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली से की थी। इसी मामले में बुधवार को आयोग की स्पेशल रैपोटियर व सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी सुचित्रा सिन्हा पोटका पहुंचीं। उन्होंने प्रखंड कार्यालय में दोनों पक्ष की बात सुनी।

ग्रामीणों ने बताया कि पेसा एक्ट का उल्लंघन कर देवस्थान को लीज पर दिए जाने का विरोध किया जा था। लीज देने के बाद ग्राम सभा की गई, जो पहले होनी चाहिए थी। ग्रामीणों की ओर से फूलमनी सरदार, बासनी सरदार, सूरजमनी सरदार, शांति सरदार, गौतम सरदार, शुक्र सरदार आदि ने पक्ष रखा` ग्राम प्रधानों के अध्यक्ष उत्तम सरदार का भी बयान दर्ज किया गया। वहीं दूसरे पक्ष से नाचोसाई के ग्राम प्रधान पूरन सरदार ने कहा कि 2017-18 में ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम सभा कर लीडिंग कंस्ट्रक्शन को लीज दिया गया था। लीज स्थान में किसी तरह का देव स्थल नहीं है।

## सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा के बाद कांग्रेस से टूट गई जामताड़ा की पूरी जिला कमेटी

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में टूट-फूट शुरू हो गई है। सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा के बाद अब जामताड़ा की पूरी जिला कमेटी ही टूटकर भाजपा में शामिल हो गई है। जामताड़ा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा सहित 8 पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए हैं। जमशेदपुर दौरे पर मंगलवार से आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

जामताड़ा से कांग्रेस के जो नेता भाजपा में शामिल हुए हैं, उनमें मुस्तफा अंसारी (जिला उपाध्यक्ष), विमल कुमार भैया (जिला महासचिव), बेबी पासवान (महिला जिलाध्यक्ष), विक्रांत सिंह (एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष), तारकेश्वर सिंह (प्रखंड अध्यक्ष, नारायणपुर), असलम अंसारी (प्रखंड अध्यक्ष, जामताड़ा), युवराज सिंह (प्रखंड उपाध्यक्ष, नारायणपुर) व विवेका



### कांग्रेस छोड़ने के लिए इरफान व फुरकान जिम्मेदार : मिश्रा

जामताड़ा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को जो इस्तीफा भेजा है, उसमें कांग्रेस छोड़ने का प्रमुख कारण विधायक इरफान अंसारी और फुरकान अंसारी को बताया है। मिश्रा ने इरफान व फुरकान अंसारी पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। कहा है कि जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी का व्यवहार संगठन के प्रति उदासीन एवं नकारात्मक रहा है।

### झामुमो-कांग्रेस की सरकार से तंग होकर भाजपा में हो रहे शामिल : बाबूलाल मरांडी

**JAMSHEDPUR :** सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा के बाद कांग्रेस की बड़ी फूट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज झारखंड में जिनकी सरकार है, उनकी नीतियों व कार्यसंस्कृति से क्षुब्ध होकर सत्तारूढ़ दल के नेता-कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। आज एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर कृतसंकल्पित हैं। तो वहीं, दूसरी ओर अन्य दलों की कोई विचारधारा नहीं है। उनका सिर्फ एक ही मकसद है कैसे अपने परिवार को बचाएं और अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करें। इसके लिए उनका सिर्फ एक लक्ष्य है मोदी को हटाओ। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस की स्वार्थी गठबंधन सरकार की अकर्मण्यता और विकास विरोधी मानसिकता से कांग्रेस जनता के मन से उतरने लगी है। जनता से दूर जाने और झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार की लुटनीति से तंग होकर कांग्रेस पार्टी के नेता भाजपा का दामन थाम रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए विजयी लक्ष्य प्राप्ति में जुटने का आह्वान किया।

## एमबीएनएस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में वार्षिक खेल महोत्सव का समापन



मेडल व प्रमाण-पत्र के साथ प्रतियोगिता के विजेता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** एमबीएनएस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। तीसरे दिन की शुरूयात आरजे मनोज और इंस्टीट्यूट के संस्थापक विवेक सिंह व अनुपा सिंह ने मशाल और गुब्बारा छोड़ कर किया। तीन दिवसीय खेल के प्रथम दिन कैरम व चेस, दूरे दिन क्रिकेट, लॉग जंप व रस्साकशी और तीसरे दिन फ्रॉग रेस, 100 मीटर दौड़ और स्पून दौड़ की प्रतियोगिता हुई। महोत्सव को सफल बनाने में इंस्टीट्यूट की प्रभारी प्राचार्य पिंकी सिंह, खेल शिक्षक राजेश्वर प्रसाद वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर सपना कुमारी राय, दीपिका भारती, भबतारण भकत सहित सभी ऑफिस स्टाफ सक्रिय रहे।

# कौन करता है नौकरीपेशा औरतों को परेशान

अब सामाजिक, व्यापारिक, संस्थागत जीवन का शायद ही कोई इस तरह का क्षेत्र बचा हो, जिधर महिलाएं नौकरी के लिए न जाती हों। खेत-खलिहानों, बैंकों,सरकारी और निजी दफ्तरों से लेकर घरों में चूल्हा-चौका करके अपने परिवार की आर्थिक मदद करने में आधी आबादी किसी भी तरह मर्दों से पीछे नहीं है। कहा जा सकता है कि अब देश में करोड़ों महिलाएं कार्यशील हैं। देश में बढ़ती साक्षरता के चलते नौकरीपेशा औरतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जाहिर है, उन्हें घरों से निकलकर अपने दफ्तर और फैक्ट्रियों में तो जाना होता ही है। आपको हजारों औरतें विभिन्न संस्थानों में नाइट ड्यूटी करते मिलेंगी। पर अपने दफ्तर या फिर स्कूल-कालेज जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोग परेशान करते रहते हैं। वे उनके (महिलाओं) के पीछे पड़ जाते हैं। उन्हें वे तरह-तरह से परेशान करते हैं। इस हरकत को अंग्रेजी में कहते हैं स्टॉकिंग। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में इस तरह के शख्स को पकड़ा जो एक कार्यशील महिला का लगातार पीछा कर रहा था। यह तो सिर्फ एक उदाहरण मात्र है। इस तरह के तमाम केस पुलिस के सामने आते रहते हैं। किसी महिला का पीछा करना यौन उत्पीड़न का एक गंभीर रूप है और भविष्य में होने वाली किसी गंभीर घटना की पहली चेतावनी भी है। बेशक, पीड़िता को चुपचाप सहने के बजाय आगे आना चाहिए और अपने साथ हो रहे अपराध की रिपोर्ट पुलिस को करनी चाहिए ताकि इसे शुरू में ही खत्म किया जा सके। एक बात समझ लें कि किसी सिरफिरे का किसी महिला का पीछा करना प्रारंभिक चरण है। उसका अंतिम इरादा महिला के साथ छेड़छाड़ या बलात्कार ही हो सकता है। राजधानी दिल्ली के न्यू सीमापुरी इलाके में हजारों मेहनतकश लोग छोटे-छोटे घरों में रहते हैं। यहां अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा जैसे राज्यो से आए लोगों के साथ अनेकों बांग्लादेशी हैं। अब बांग्लादेशियों के पास वैसे तो अवैध आधार कार्ड वगैरह सबकुछ है। यहां रहने वाली बहुत सारी महिलाएं अपने इलाके में चलने वाली महिला पंचायत में अपने साथ घरों में होने वाले उत्पीड़न से लेकर घरों के बाहर उनका पीछा करने वालों की शिकायत करने के लिए आती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि इस महिला पंचायत में पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी हकों के बारे में पंचायत में काम करने वाली काउंसलर विस्तार से जानकारी देती हैं और उनकी समस्या का समाधान खोजती हैं। इस महिला पंचायत, जिसका संबंध दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से है, उसके प्रबंधक फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि कार्यशील औरतों के पीछे पड़ने के मामले बहुत तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। किसी महिला का पीछा करने वाले शख्स पीड़ित महिला को फोन पर अश्लील मैसेज भी भेजते रहते हैं। वह दिनभर और देर रात तक उसे फोन करके परेशान करते हैं। महिला के घर से निकलने पर वह उसे छूने या बात करने की चेष्टा करते हैं। इस कारण से बहुत सारी औरतें नौकरी छोड़ने तक के बारे में सोचने लगती हैं। अनेकों किशोरियां डर के मारे पढ़ाई भी छोड़ देती हैं। दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज के बाद अब हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल स्थापित करने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि जो लोग स्टॉकिंग में शामिल होते हैं, वे बहुत मोटी चमड़ी वाले दुष्ट अपराधी होते हैं। सख्ती से मना करने के बाद भी वे बेशर्मी से महिला का पीछा करते रहते हैं। महिला के उन्हें अस्वीकार करने के बाद भी वे बाज नहीं आते। वे अपनी हरकतों को जारी रखते हैं। बेशक, स्टॉकिंग एक गंभीर अपराध है। इस अपराध से दो-चार होने वाली लड़कियों/ महिलाओं को तुरंत पुलिस में शिकायत करनी चाहिए। यदि वे आगे आकर शिकायत नहीं करेंगी, तो उनका पीछा करने वालों को गलतफहमी होने लगेगी कि वे सचमुच में बहुत ताकतवर हैं। उन्हें लगेगा कि वह जो चाहे कर सकते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि जब किसी महिला को अपने पीछे पड़े हुए व्यक्ति से दो-चार होना पड़ता है तो वह बुरी तरह से मनोवैज्ञानिक रूप से टूटने लगती है। यह अपने आप में घोर उत्पीड़न है और इससे कम कुछ नहीं। लड़कियाँ पीछा करने वाले से लगातार भयभीत रहती हैं। याद रख लें कि किसी भी समाज के चरित्र को जानने के लिए आपको यह देख लेना काफी होगा कि वहां पर कितनी महिलाएं कार्यशील हैं। जिस समाज में जितनी अधिक औरतें कार्यशील होंगी वह समाज उतना ही प्रगतिशील माना जाएगा। इसलिए कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा देना समाज और सरकार का पहला दायित्व है। अब नौकरियां सुबह दस से शाम पांच बजे तक की बहुत कम रह गई हैं। अब तो दिन-रात दफ्तर चलते हैं। भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नौकरियों की बहार आने के बाद हम देख रहे हैं कि बड़ी संख्या में नौकरियां रात के समय की ही होती हैं। इन परिस्थितियों में कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा तो देनी ही होगी। यह देखना होगा कि उनका दफ्तर के भीतर किसी तरह से यौन उत्पीड़न न हो। उन्हें कोई फोन करके परेशान न करता हो या फिर उनका कोई पीछा न करता हो। इसमें कोई शक नहीं है कि किसी भी देश और समाज की पहचान इस बात से ही होती है कि वहां पर महिलाएं कितनी आर्थिक रूप से स्वावलंबी हैं। वे स्वावलंबी तो तब ही होंगी जब उन्हें सही ढंग से शिक्षित किया जाएगा और उन्हें रोजगार में पर्याप्त अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, उन्हें कार्यस्थल पर बेहतर माहौल और अपने पुरुष साथियों के बराबर वेतन भी मिलेगा।

# अदालत और सरकार में फंसे उपभोक्ता आयोग

ANALYSIS



डॉ. अजय खेमरिया

**डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अध्यक्ष के रूप में चयनित होने के लिए लिखित परीक्षा के प्रावधान को जजों की गरिमा के विरुद्ध माना। उन्होंने सरकार से इस पर जबाब मांगा है। रोचक तथ्य यह है कि लिखित परीक्षा के आदेश खुद सुप्रीम कोर्ट ने ही पिछले साल दिए थे। अब हाईकोर्ट और जिला जजों को जब सामान्य लोगों के साथ परीक्षा में बैठना पड़ा तो सुप्रीम कोर्ट को न्यायिक गरिमा का ख्याल आ गया। वस्तुतः देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) 2019 के नए एक्ट के अनुरूप खुद को खड़ा नही कर पाया है।आम लोगों में अभी भी आयोगों को लेकर जागरूकता का अभाव है। शीर्ष अदालतें कानून के जमीनी प्रवर्तन के स्थान पर अनावश्यक रूप से आयोगों के गठन औ? नियुक्तियों में हस्तक्षेप कर सरकारों को इस मामले में हीला-हवाली का मौका उपलब्ध करा रही हैं। बेहतर होगा नियुक्तियों का कार्यक्षेत्र सरकारों पर ही छोड़कर अदालतें कानून के समयबद्ध एवं त्वरित प्रवर्तन पर निगाहें रखें।**

देश में उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष की नियुक्तियों को लेकर इन दिनों सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई जारी है। पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अध्यक्ष के रूप में चयनित होने के लिए लिखित परीक्षा के प्रावधान को जजों की गरिमा के विरुद्ध माना। उन्होंने सरकार से इस पर जबाब मांगा है। रोचक तथ्य यह है कि लिखित परीक्षा के आदेश खुद सुप्रीम कोर्ट ने ही पिछले साल दिए थे। अब हाईकोर्ट और जिला जजों को जब सामान्य लोगों के साथ परीक्षा में बैठना पड़ा तो सुप्रीम कोर्ट को न्यायिक गरिमा का ख्याल आ गया। वस्तुतः देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) 2019 के नए एक्ट के अनुरूप खुद को खड़ा नही कर पाया है।आम लोगों में अभी भी आयोगों को लेकर जागरूकता का अभाव है। शीर्ष अदालतें कानून के जमीनी प्रवर्तन के स्थान पर अनावश्यक रूप से आयोगों के गठन औ? नियुक्तियों में हस्तक्षेप कर सरकारों को इस मामले में हीला-हवाली का मौका उपलब्ध करा रही हैं। बेहतर होगा नियुक्तियों का कार्यक्षेत्र सरकारों पर ही छोड़कर अदालतें कानून के समयबद्ध एवं त्वरित प्रवर्तन पर निगाहें रखें। देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) सरकार एवं न्यायपालिका के मध्य फंस गई हैं। हाल ही में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों में रिटायर्ड न्यायाधीशों को अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से पूर्व आयोजित होने वाली लिखित एवं मौखिक परीक्षा को उपभोक्ता कानून की भावना के विरुद्ध माना। समझा जा रहा है कि जल्द ही सरकार इस परीक्षा के प्रावधान को खत्म कर देगी। अलबत्ता पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने ही ऐसी परीक्षा के आदेश दिए थे। जिसके तहत सभी स्तर के आयोगों में नियुक्ति के लिए दो लिखित परीक्षा एवं हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता वाले बोर्ड के जरिये साक्षात्कार अनिवार्य कर दिया गया था। कई राज्यों में इसी आदेश के अनुरूप नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है। अब उच्चतम न्यायालय को यह लगने लगा कि हाईकोर्ट औ? जिला जज के पद पर काम करने वाले लोग रिटायरमेंट के बाद परीक्षा दें, यह न्यायाधीश की गरिमा के विरुद्ध है। सच्चाई यह है कि इन उपभोक्ता अदालतों में शत प्रतिशत अध्यक्ष न्यायिक सेवा के रिटायर अधिकारी ही रहते हैं। देश में इस समय 35 राज्य आयोग एवं 649 जिला आयोग स्थापित हैं, जिन्हें 2019 के उपभोक्ता संरक्षण कानून के बाद काफी सशक्त बनाया गया है। इन आयोगों में सामाजिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सदस्य रखे जाने का प्रावधान है। शीर्ष अदालतों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर पिछले साल संशोधन संस्थित किये गए थे, इसका नतीजा यह हुआ कि आयोगों में चयन प्रक्रिया बुरी तरह उलझ कर रह गईं। संसद के बजट सत्र में सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 35 राज्य आयोगों में केवल 13 पूर्णकालिक अध्यक्ष ही कार्यरत हैं। राज्यों में सदस्यों के कुल स्वीकृत 160 सदस्यों में से महज 83 ही पदस्थ हैं। इसी तरह 649 जिला आयोग अध्यक्ष में केवल 83 अध्यक्ष एवं 1324 जिला सदस्य में 251 ही कार्यरत हैं। यानी अधिकतर स्तर पर आयोग खाली पड़े हैं। असल में राज्य सरकारें तो पहले से ही इन अदालतों के सुचारू गठन और परिचालन में रुचि नहीं रखती हैं, ऐसे में चयन प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर शीर्ष अदालत ने सरकारों के लिए हीलाहवाली का मौका उपलब्ध करा दिया। बेहतर होता अदालत समयबद्ध नियुक्तियों औ? उपभोक्ता मामलों के त्वरित निराकरण की निगरानी पर काम करतीं। इस मामले में अदालत के रुख पर इसलिये भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि परीक्षा से मुक्त नियुक्तियों की छूट केवल न्यायिक अधिकारियों को देने की बात हो रही है, जबकि हर स्तर के आयोग में समाजसेवा, वित्त,प्रबन्धन, शिक्षा क्षेत्र में 10 साल का अनुभव रखने वाले लोग सदस्य बनाये जाते हैं। शीर्ष अदालत ने इन सदस्यों के कायार्नुभव को कोई अधिमान्यता नहीं दी, जबकि मूल कानून में ऐसे अनुभवी सदस्यों को कार्य निष्पादन रिकार्ड के आधार पर पुनरनियुक्ति की पात्रता थी। सवाल यह कि अच्छे और अनुभवी या प्रतिभाशाली लोग चार साल के कार्यकाल के लिए इन आयोगों में क्यों आयेंगे? बेहतर होगा अदालत औ? सरकार इस दिशा में भी काम करें। जमीनी तथ्य यह है कि देश में अभी भी असंगठित क्षेत्र का कारोबार आम उपभोक्ताओं के लिए शोषण का जरिया बना हुआ है। दुनिया के सबसे बड़े बाजार और कारोबार के बाबजूद भारत में आम आदमी उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सचेत नही हैं। 2023 में 5लाख 43हजार 592 मामले विभिन्न आयोगों में लंबित रहे हैं। 2022 में यह आंकड़ा 5 लाख 54 हजार एवं 2021 में 5 लाख 60 हजार था। जाहिर है नए कानून के लागू होने के बावजूद उपभोक्ता आयोग उपभोक्ताओं के लिए त्वरित न्याय देने में सक्षम नही हो पाए हैं। ध्यान रखना होगा कि भारत में अनुचित व्यापार, मिथ्या प्रचार, सेवा में कमी जैसे मामलों में प्रति एक सौ में से बमुश्किल एक ग्राहक भी उपभोक्ता अदालतों में शिकायत नहीं करते हैं। सरकार ने नेशनल कन्जयूमर हेल्पलाइन जारी की इस पर 2022 -23 में 10लाख शिकायत दर्ज हुई, लेकिन 80 फीसदी मामलों में उपभोक्ता निराकरण से सन्तुष्ट नहीं हुए। उपभोक्ता जागरूकता के लिए सरकार ने उपभोक्ता कल्याण निधि बनाई है लेकिन अभी तक केवल 05 विश्वविद्यालय एवं 08 शैक्षणिक संस्थानों को ही इस मद से राशि मिल सकी। जागरूकता स्तर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिहार जैसे राज्य में 2023 में मात्र 4168 मामले अदालतों में पेश किए गए। 2021 में तो यह आंकड़ा 2710 ही था। उत्तर प्रदेश में 2023 में 18972,2022 में 20409 और 2021 में महज 14983 ही रहा । राजधानी दिल्ली और मुंबई-महाराष्ट्र के भी कमोबेश ऐसे ही आंकड़े हैं जो सरकार ने राज्यसभा में प्रस्तुत किये हैं। दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि देश में औसत डेढ़ लाख केस ही सालाना विभिन्न आयोगों में आ पाते हैं। उसमें भी 5 लाख से अधिक मामलों का बैकलॉग बना हुआ है। बेहतर हो शीर्ष अदालत सरकार के चयन मापदण्डों पर बार-बार हस्तक्षेप के स्थान पर उपभोक्ताओं के मध्य जागरूकता के साथ कानून में विहित समय सीमा में प्रकरणों का निस्तारण पर अपना एक निगरानी तन्त्र सक्रिय करें। क्योंकि उपभोक्ता अदालतों के गठन का उद्देश्य मूलतः सिविल मामलों की दुरूह प्रक्रिया से नागरिकों को निजात दिलाना था, इसीलिये 1986 का कानून बनाकर उपभोक्ता फोरम बनाये गए थे और आज के परिवेश में नया 2019 का कानून लागू किया गया है। नया कानून बदलते बाजार खासकर ई कॉमर्स कम्पनियों के जाल में उपभोक्ताओं को बेहतरीन सुरक्षा कवच भी है। बेशक अमेरिका , इंग्लैण्ड,चीन की तुलना में ई कामर्स कम्पनियों की भागीदारी कुल खुदरा कारोबार में अभी 6.5 फीसदी ही है लेकिन यह अगले पांच साल में 166 फीसद की दर से बढ़ रही है। 2028 तक ई कामर्स कारोबार अमेरिका औ? चीन को पछाड़कर 160 बिलियन अमेरिकी डॉलर औ? 2030 में इसके 350 बिलियन डालर होने का अनुमान है। देश मे ई कॉमर्स कैसे उपभोक्ताओं के शोषण का जरिया बन सकता है इसकी मिसाल यह है कि पिछले साल कुल शिकायत में से 57 फीसद मामले इन्हीं ई कॉमर्स कम्पनियों के थे। 2019 में यही आंकड़ा महज 08 फीसद ही था। अकेले फ्लिपकार्ट के विरुद ही 67 फीसदी मामले थे। हालिया रिपोर्ट कहती है कि ई कॉमर्स मामलों में 19 फीसद रिफंड,16.4 त्रुटिपूर्ण माल/सेवा,12.2 गलत उत्पाद डिलीवरी,11.6 सेवा में कमी और 9.7फीसदी तो उत्पादों की डिलीवरी ही न करने की हैं। इन आंकड़ों से समझा जा सकता है कि अगर देश में उपभोक्ता आयोगों की संरचना को मैदानी स्तर तक सशक्त नही बनाया गया तो न केवल परम्परागत अनुचित व्यापार संव्यवहार बल्कि ई कॉमर्स कम्पनियों की मनमानी औ? शोषण का शिकार भारत का बहुसंख्यक समाज बनने जा रहा है। सरकार को भी चाहिए कि केवल ह्नजागो ग्राहक जागोह्न के सरकारी प्रचार से हटकर देश मे उपभोक्ताओं के मध्य वास्तविक जागरूकता के प्रयास सामाजिक भागीदारी के साथ शुरू करे। जब आयोग सशक्त होंगे तो उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय प्रदान कर सकेंगे।

**लेखक मप्र में जिला उपभोक्ता आयोग में सदस्य हैं।**

# आर्य के नाम पर ओवैसी का झूठ

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर आर्यन थ्योरी का जिक्र करके एक नए विवाद को जन्म दिया है। वैसे तो उनकी जुबानी चालाकियों से सभी परिचित हैं। किंतु इस बार उन्होंने खुले तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आर्यन होने से भारतीय मूल का नहीं होकर विदेशी हो जाने की बात उठाकर प्रश्न खड़े किए हैं । वस्तुतः यही आज सबसे बड़ा विषय है कि जिस आर्यन थ्योरी को वैज्ञानिक भी नकार चुके हैं, उसे आज भी असदुद्दीन ओवैसी हवा दे रहे हैं । वस्तुतः वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा के शो में असदुद्दीन ओवैसी ने एक प्रश्न के जवाब में बोला, "मैं चाहता हूं कि मेरा डीएनए करा लीजिए, और नरेंद्र मोदी जी का भी करा लीजिए। आरएसएस के लोगों का करा लीजिए। कौन आर्यन है और कौन इस देश का है, मालूम हो जाएगा आपको।..." उनके यह कहने के साथ ही साफ हो गया कि वे अपने लोगों के बीच और अन्य जो भी उनके संपर्क में आते हैं, उन्हें वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों को आर्य संबोधित कर यह बताने का प्रयास अब भी कर रहे हैं कि वे भारत के मूल निवासी नहीं, बल्कि बाहर से आकर यहां कब्जा करके बैठ गए हैं। आश्चर्य होता है यह जानकर कि लगातार संसद सदस्य रहने और कानून की पढ़ाई करने के बाद भी उन्हें यह बात नहीं पता कि 'आर्यन थ्योरी' पूरी तरह असत्य साबित हो चुकी है। यह कुछ अंग्रेजों की शरारत थी जिसे हवा देने का काम भारत में इतिहास लिखते वक्त वामपंथी शिक्षाविदों ने भी किया। एतिहासिक तथ्य यह है कि देश में स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे भारतीयों को आपस में लड़ाने के लिए मैक्स मूलर, विलियम हंटर और लॉर्ड टॉमस बैबिंग्टन मैकॉले इन तीन लोगों ने भारत के इतिहास का विकृतिकरण आरंभ किया और यह कहना शुरू किया कि भारतीय इतिहास की शुरूआत सिंधु घाटी की सभ्यता से होती है, जिसमें कि सिंधु घाटी के लोग द्रविड़ थे । आर्यों ने बाहर से आकर सिंधु सभ्यता को नष्ट कर-के अपना राज्य स्थापित किया। 1500 ईसा पूर्व से 500 ईस्वीं पूर्व के बीच के काल को अंग्रेजों ने आर्यों का काल घोषित कर दिया था । आश्चर्य की बात है कि जिस इतिहास और शोध के दावों के आधार पर अंग्रेज इस "आर्यन इन्वेजन थ्योरी" को गढ़ रहे थे, उसका कोई मूल तथ्य कभी प्रस्तुत नहीं कर पाए। इनमें से किसी ने कहा कि आर्य मध्य एशिया के रहने वाले थे, कोई इन्हें साइबेरिया, मंगोलिया, ट्रांस कोकेशिया या स्कैंडेनेविया का मूल निवासी बता रहा था। आर्य बाहर से यानी कहां से आए ? उसका कोई सटीक उत्तर कभी किसी के पास नहीं रहा। हां, हम भारतीयों के लिए जरूर यह गर्व करने की बात है कि जिस व्यवस्थित सिन्धु सभ्यता की बात की जाती है, वह भी आज दुनिया में सबसे प्राचीनतम सिद्ध हो चुकी है। आईआईटी खड़गपुर और भारतीय पुरातत्व विभाग के वैज्ञानिकों ने सिन्धु घाटी सभ्यता की प्राचीनता को लेकर विस्तार से बहुत कुछ बताया है। उनके शोध के निष्कर्ष हैं कि अंग्रेजों के अनुसार 2600 ईसा पूर्व की यह नगर सभ्यता नहीं या कुछ इतिहासकारों के अनुसार पांच हजार पांच सौ साल पुरानी यह नहीं है, बल्कि आठ हजार साल पुरानी सभ्यता है। यह सिन्धु सभ्यता मिस्त्र और मेसोपोटामिया की सभ्यता से भी पहले की है। जहां टाउन-प्लानिंग थी, भोजन की बड़ी-बड़ी रसोई थीं, बैठक के स्थान थे, कपड़े थे, चांदी और तांबे का उपयोग था। लोग शतरंज का खेल भी जानते थे और वे लोहे का उपयोग भी करते थे। यहां से प्राप्त मुहरों को सर्वोत्तम कलाकृतियों का दर्जा प्राप्त है, यानि इस सभ्यता में लोग कला पारखी भी थे। नए शोध यह भी कहते हैं कि आर्य आक्रमण भारतीय इतिहास के किसी कालखण्ड में घटित नहीं हुआ और ना ही आर्य तथा द्रविड़ नामक दो पृथक मानव नस्लों का अस्तित्व ही कभी धरती पर रहा है। डीएनए गुणसूत्र पर आधारित शोध जिसे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. कीवीसील्ड के निर्देशन में फिनलैण्ड के तारतू विश्वविद्यालय, एस्टोनिया में भारतीयों के डीएनए गुणसूत्र पर आधारित है, जो यह सिद्ध करता है कि सारे भारतवासी गुणसूत्रों के आधार पर एक ही पूर्वजों की संतानें हैं। आर्य और द्रविड़ का कोई भेद गुणसूत्रों के आधार पर नहीं मिलता है और तो और जो अनुवांशिक गुणसूत्र भारतवासियों में पाए जाते हैं, वे डीएनए गुणसूत्र दुनिया के किसी अन्य देश में नहीं पाए गए। शोध में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल की जनसंख्या में विद्यमान लगभग सभी जातियों, उपजातियों, जनजातियों के लगभग 13000 नमूनों का परीक्षण किया गया था। जिसका परिणाम यही कह रहा है कि भारतीय उपमहाद्वीप में चाहे वह किसी भी धर्म को मानते हों, 99 प्रतिशत समान पूर्वजों की संतानें हैं। शोध में पाया गया है कि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, की समस्त जातियों के डीएनए गुणसूत्र तथा उत्तर भारतीय जातियों के डीएनए का उत्पत्ति-आधार गुणसूत्र एक समान हैं। अमेरिका में हार्वर्ड के विशेषज्ञों और भारत के विश्लेषकों ने भारत की प्राचीन जनसंख्या के जीनों के अध्ययन के बाद पाया कि सभी भारतीयों के बीच एक अनुवांशिक संबंध है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि भारत में आर्य और द्रविड़ विवाद व्यर्थ है। उत्तर और दक्षिण भारतीय एक ही पूर्वजों की संतानें हैं। कहना होगा कि दो शताब्दियां गुजर गईं इस झूठ को समझाने में कि आर्य जैसा कोई शब्द कभी विदेशियों के लिए रहा ही नहीं, जोकि भारत में बाहर से आकर कभी बसे हों। भाषा विज्ञान में आर्य का अर्थ उत्तम, पूज्य, मान्य, प्रतिष्ठित, धर्म एवं नियमों के प्रति निष्ठावान या श्रेष्ठ है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



यह कोलकाता के लोगों के लिए बहुत खास दिन है क्योंकि शहर के मेट्रो नेटवर्क में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और ट्रैफिक कम होगा। यह गर्व का क्षण है कि हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड मेट्रो खंड में हमारे देश की किसी भी प्रमुख नदी के नीचे पहली पानी के नीचे मेट्रो परिवहन सुरंग है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



देश में पहली बार, हमारी सरकार उन विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिनकी जिन्दगी शायद कहीं थम सी गई है। जीवन के एक नई पारी की शुरूआत कर रही इन बेटियों को आशीर्वाद दीजिए। हमें गर्व है कि देश में एकल महिलाओं एवं बिना तलाक की निराश्रित परित्यक्ता महिलाओं को आर्थिक संबल देने के लिए पेंशन देने की शुरूआत भी हमारी सरकार ने ही की थी। आज ही, 50 वर्ष से ज्यादा उम्र की, सभी वर्गों की महिलाओं को पेंशन देने की शुरूआत की जा रही है। आप सभी के सहयोग एवं इन देवियों के आशीर्वाद से, महिला सशक्तिकरण का यह अभियान जारी रहेगा।

**(सीएम चम्पाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# खेत, खेती और सेहत पर खतरा

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ रहा है। देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग को इसी से समझा जा सकता है कि आजादी के समय 1950-51 में देश में 7 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता था। एक मोटे अनुमान के अनुसार आज देश में 335 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है। इसमें 75 लाख टन उर्वरकों का तो आयात करना पड़ रहा है। यूरिया से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित होता है और उससे ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण प्रभावित होता है। दरअसल समस्या की जड़ दूसरी ओर है और वह यह कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग के स्थान पर अंधाधुंध उपयोग से अधिक हालात खराब हुए हैं। देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाए तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल ओर केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है। यह अपने आप में गंभीर है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है अपितु सरकार ने उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए ही 2004 में यूरिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के अध्ययन के लिए सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की स्थापना की। दुनिया की सहकारी क्षेत्र की उर्वरक उत्पादक सहकारी समिति इफको द्वारा नैनो उर्वरक तैयार कर उनकी उपलब्धता व उपयोग बढ़ाने के प्रयास इसी दिशा में बढ़ते प्रयासों में से एक माना जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए केन्द्र व राज्यों के कृषि मंत्रालयों द्वारा सावचेत किया जाता रहा, पर यह नाकाफी होने के साथ ही सही मायने में प्रभावी तरीके से अवेयरनेस कार्यक्रमों का संचालन नहीं हो पा रहा है। आज पंच नदियों के प्रदेश में तेजी से जलस्तर कम होता जा रहा हे। पंजाब के लोग ही पंजाब में उत्पादित गेहूं को अन्य प्रदेशों में खपाने और दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगाकर उपयोग में लेने लगे हैं। इसी तरह से देश में कैंसर के सर्वाधिक मामले पंजाब से आ रहे हैं। रासायनिक उर्वरक और जहरीले कीटनाशक इसके प्रमुख कारण किसी से अनजाने नहीं हैं। हो यह रहा है कि उर्वरकों के कारण मिट्टी के सहायक कीट नष्ट हो जाते हैं। वहीं रासायनिक उर्वरक वर्षा आदि में बह कर नदी आदि प्राकृतिक जल स्त्रोतों को भी प्रदूषित कर देते हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से तैयार फसल के उपयोग से मानव ओर मवेशी दोनों के ही स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग आज खेत, खेती, सेहत और पर्यावरण सब पर भारी पड़ रहा है। यह कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं अपितु रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग का दुष्प्रभाव दुनिया के सभी देश भुगत रहे हैं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है तो पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि हम केवल और केवल हमारे देश की ही बात करें तो जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वे अत्यधिक चिंताजनक होने के साथ ही गंभीर भी है। रासायनिक खाद के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश की खेती योग्य भूमि में से 30 फीसदी भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंचने लगी है। यह आंकड़ा कोई हवा-हवाई नहीं होकर सेंटर फॉर साइंस एण्ड एन्वायरमेंट की रिपोर्ट के अनुसार है। पंजाब, हरियाणा सहित कई प्रदेशों में कृषि उपज की सेचुरेशन वाले हालात हमारे सामने हैं। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों और जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग का परिणाम जानलेवा कैंसर रोग का फैलाव सामने हैं। आज पंजाब और उससे लगते हिस्सों मं कैंसर आम होता जा रहा है।

# सार्थक आदेश

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर कातिलाना हमले के आरोपी संदेशखाली गांव के शाहजहां शेख को सीबीआई को तत्काल सौंपने संबंधी कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश ममता बनर्जी सरकार ही नहीं, उन तमाम सरकारों के लिए एक सबक है, जो अपने सियासी नफे-नुकसान के लिए इंसाफ की राह में रोडे.अटकाने की कोशिश करती हैं। गौरतलब है, शेख पर गरीबों की जमीन हड़पने, हफ्ता वसूली और महिलाओं के यौन उत्पीड़न जैसे दर्जनों गंभीर अपराध के आरोप हैं। मगर ईडी अधिकारियों पर हमले की वारदात के बाद 55 दिनों तक वह गिरफ्तारी से बचता रहा और अंततः अदालत की फटकार के बाद ही पकड़ा जा सका। फिर सत्तारूढ़ तृणमूल ने उसे छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित करने में कोई देरी नहीं लगाई। सवाल है कि इतनी किरकिरी के बाद भी पार्टी को उसके खिलाफ कार्रवाई करने में इतना वक्त क्यों लगा? 40 से अधिक आपराधिक मामलों का एक आरोपी वर्षों से आजाद घूमता रहा, पर राज्य सरकार खामोश रही? जाहिर है, इसी खामोश संरक्षण ने उसे ईडी अफसरों पर हमले का हौसला दिया। मगर क्या यह स्थिति सिर्फ पश्चिम बंगाल और शाहजहां शेख तक महदूद है? अभी कितने दिन हुए, जब एक रसूखदार सजायाफ्ता मुजरिम को बार-बार पैरोल देने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाई थी? दरअसल, अपराध व राजनीति के नाभिनाल संबंध को विच्छिन्न किए बिना बेहतर समाज व लोकतंत्र संभव नहीं है। मगर दुर्योग से देश की तमाम जिम्मेदार पार्टियां इसके वादे तो करती हैं, पर वास्तव में उनका आचरण इसके ठीक उलट होता है। गौर कीजिए, एडीआर के मुताबिक, आपराधिक मामलों वाले सांसदों की जो तादाद साल 2004 में 24 फीसदी थी, वह 2019 में 43 प्रतिशत तक पहुंच गई। मौजूदा लोकसभा के तो 159 सदस्यों के खिलाफ हत्या, बलात्कार, अपहरण और यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

